राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 निकिता दत्ता ने 'कबीर सिंह, को ...



श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना... 12


गाजियाबाद, बुधवार 24 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 107, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


## न्यूज डायरी

### तेलंगाना के नालगोंडा में घर में कई दिन से बंद पति-पत्नी और 2 बच्चों का शव मिला

**नालगोण्डा (आरएनएस)।** तेलंगाना के नालगोंडा जिले में एक घर के अंदर परिवार के 4 लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। इनमें पति-पत्नी और उनके 2 बच्चे शामिल हैं। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई, जब सोमवार को आसपास के लोगों को घर से भीषण दुर्गंध आने लगी। पड़ोसियों




ने नालगोंडा वन टाउन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर 4 लोगों के शव बुरी अवस्था में पड़े थे। शव में कीड़े लग चुके थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद सुल्तान (45), उनकी पत्नी हसीना (41), बेटे मुजम्मिल (20) और बेटी अभकारहा (14) के रूप में हुई है। चारों सागर रोड स्थित तेलंगाना कॉलोनी में रहते थे। पुलिस ने बताया कि शवों को देखकर लग रहा है कि इनकी मौत 4 से 5 दिन पहले हुई होगी। अभी तक हत्या और आत्महत्या को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सुल्तान प्रकाश बाजार में बैग की दुकान चलाते थे। हसीना एक निजी स्कूल में शिक्षिका थीं। मुजम्मिल एयर कंडीशनिंग का मैकेनिक था और अभकारहा कक्षा 10 की छात्रा थीं। रिश्तेदारों का कहना है कि दंपति अक्सर झगड़ते थे। मुजम्मिल और अभकारहा सुल्तान की पहली पत्नी के बच्चे थे। हसीना सुल्तान की दूसरी पत्नी थी। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को बताया कि परिवार का एक और सदस्य था, जो गायब है।

### तमिलनाडु में अमोनिया लीक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हुई

**चेन्नई (आरएनएस)।** तिरुवल्लूर में झींगा प्रोसेस करने वाली एक प्राइवेट फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है. सेंट पीटर एंड पॉल सीफूड एक्सपोर्ट्स, तिरुवल्लूर जिले में पेरियापालयम के पास कनिगईपायर गांव में एक प्लांट चलाती है. रविवार, 21 जून को फैक्ट्री में कूलिंग पाइप से अचानक अमोनिया गैस लीक हो गई। वहां मौजूद लगभग 80 लोग इससे प्रभावित हुए. गैस लीक होने के




कुछ ही मिनटों के अंदर, कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और वे एक-एक करके बेहोश होकर गिरने लगे. उन्हें एम्बुलेंस से बचाया गया और इलाज के लिए चेन्नई और तिरुवल्लूर के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया. जिला प्रशासन, पुलिस, फायर और रेस्क्यू सर्विस और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर तेजी से बचाव और राहत कार्य किए। इस घटना में कुल 77 लोग प्रभावित हुए जिनमें असम के 20, ओडिशा के 29, झारखंड के 8 और तमिलनाडु के 5 लोग शामिल थे. वेल्स अस्पताल में भर्ती 33 लोगों में से दो को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि तीन की मौत हो गई. वहीं 28 लोगों का इलाज चल रहा है। तिरुवल्लूर वेंकटेश्वर अस्पताल में भर्ती 19 मरीजों में से एक की मौत हो गई, जबकि 18 का इलाज चल रहा है. चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती 13 मरीजों में से दो की मौत हो गई और 11 का इलाज चल रहा है. सरकारी स्टेनली अस्पताल में भर्ती 12 मरीजों में से दो की मौत हो गई, जबकि 10 का इलाज चल रहा है. कुल मिलाकर इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है और दो लोग घर लौट चुके हैं। 67 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### पंजाब के बठिंडा में बीजेपी नेता के क्लिनिक पर पेट्रोल बम से हमला

**बठिंडा (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आज बठिंडा पहुँचने से पहले एक बड़ी घटना हुई. बठिंडा के मेला राम करोड़ इलाके में स्थित डॉ. तरसेम गर्ग के क्लिनिक पर मोटरसाइकिल सवारों ने पेट्रोल बम से हमला किया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की बड़ी टीम मौके पर पहुँच गई. बठिंडा के एसएसपी ने खुद इस घटना का संज्ञान लिया।

# जहां कभी आतंक और भय का माहौल था, वहां आज विकास, विश्वास और अवसरों का नया दौर : पीएम मोदी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को विकास और जनविश्वास की विजय बताते हुए कहा है कि सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया था और आज उसके सकारात्मक परिणाम पूरे देश के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कभी भय, हिंसा और अविश्वास का वातावरण था, वहां आज विकास, सुशासन और नई संभावनाओं का युग प्रारंभ हो चुका है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य नागरिक निरंतर भय के साये में जीवन जीने को मजबूर थे। लोगों को अपनी सुरक्षा, आजीविका और सम्मान की चिंता रहती थी। विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अत्यंत कठिन था। सड़क निर्माण से लेकर संचार सुविधाओं के विस्तार तक हर प्रयास का हिंसक विरोध किया जाता था। कई बार

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नेशन फर्स्ट संकल्प और सुरक्षा बलों के शौर्य से बस्तर में लौटी शांति और विकास की नई रोशनी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

निर्माण सामग्री को जला दिया जाता था, ठेकेदारों को धमकाकर भगा दिया जाता था और विकास कार्यों को रोकने की कोशिश की जाती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बीते वर्षों में हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, हजारों मोबाइल टावर स्थापित किए गए और दूरस्थ गांवों तक संचार सुविधाएं पहुंचाई गईं। बैंकिंग सेवाओं, डाक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के माध्यम से लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और अवसरों का विस्तार है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण के दौरान गायिका अलका याग्निक को पद्म भूषण से सम्मानित करती हुई।

## अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दिया,राष्ट्रपति ने स्वीकारा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने

> कुरियन मोदी सरकार में इकलौते ईसाई मंत्री थे। वे अल्पसंख्यक मामलों के साथ ही मत्स्य पालन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे थे

स्वीकार कर लिया। कुरियन केरलम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनको 6 साल पहले राज्यसभा लाया गया था और 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया। उनका राज्यसभा का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो गया था, जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।



कुरियन मोदी सरकार में इकलौते ईसाई मंत्री थे। वे अल्पसंख्यक मामलों के साथ ही मत्स्य पालन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे थे। भाजपा ने पहले ही संकेत दिया था कि वह कुरियन को राज्यसभा में दूसरी बार नहीं भेज रही है। उनकी जगह मध्य प्रदेश से भाजपा के महासचिव तरुण चुग को राज्यसभा भेजा गया है। चर्चा है कि केरल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के कारण उनको दोबारा मनोनित नहीं किया गया। कुरियन (65) अगस्त 2024 से मोदी की तीसरी कैबिनेट में राज्य मंत्री थे। वे केरल में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और सुप्रीम कोर्ट में वकील रह चुके हैं। उनको जून, 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्रालय का जिम्मा दिया गया था। इससे पहले, कुरियन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उससे पहले वे केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ओ राजगोपाल के विशेष कर्तव्य अधिकारी रहे थे।

## राशिद हत्याकांड का तीसरा मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार,पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चर्चित राशिद हत्याकांड में दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने मंगलवार तड़के एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद मामले के तीसरे मुख्य आरोपी हारून सैफी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है। दिल्ली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय हारून सैफी के रूप में हुई. वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में हुए राशिद हत्याकांड में वांछित था और लंबे समय से फरार था.पुलिस को मंगलवार तड़के हारून की मौजूदगी के संबंध में विशेष सूचना मिली. इसके बाद उत्तर-पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने सिग्नेचर ब्रिज और खजूरी खास मेट्रो स्टेशन के बीच इलाके में घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया. इस दौरान आरोपी और पुलिस के बीच कुछ देर तक गोलीबारी हुई. जवाबी कार्रवाई में हारून के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया. पुलिस ने बताया कि



हारून के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की गई है। उसके खिलाफ दयालपुर थाने में दर्ज एफआईआर के तहत भारतीय न्याय संहिता तथा आर्म्स एक्ट की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज है।

## ममता ने आठ वरिष्ठ नेताओं को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया

**पश्चिम बंगाल।** तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी कलह के बीच, पार्टी ने मंगलवार को फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास समेत 8 सीनियर नेताओं को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में बाहर निकाल दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह अनुशासनात्मक कार्रवाई नेतृत्व के बढ़ते संकट और गुटबाजी के कारण की गई है, क्योंकि कई नेता कथित तौर पर ऐसे काम कर रहे थे जो पार्टी के आधिकारिक रुख के खिलाफ थे। हकीम और बिस्वास, दोनों ही पश्चिम बंगाल सरकार और ळटउ के ढांचे में अहम प्रशासनिक और संगठनात्मक भूमिकाएं निभा चुके हैं। पार्टी में चल रहे इस बड़े बदलाव के दौरान बाहर निकाले गए नेताओं में ये दोनों सबसे प्रमुख नाम हैं। यह घटनाक्रम पार्टी के भीतर हफ़्तों से चल रही राजनीतिक अस्थिरता के बाद हुआ है। इस दौरान असहमति के आरोप, नेतृत्व को लेकर विवाद और संगठनात्मक फैसलों पर नियंत्रण के लिए अलग-अलग गुटों के दावों जैसी स्थितियाँ देखने को मिलीं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस फैसले का मकसद पार्टी में आंतरिक अनुशासन बहाल करना और नेतृत्व की पकड़ मजबूत करना है। इसे हाल के वर्षों में पार्टी नेतृत्व के सामने आई सबसे गंभीर आंतरिक चुनौतियों में से एक माना जा रहा है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस पर नियंत्रण की कोशिश में विपक्ष के नेता रीताब्रता बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट ने सोमवार को विधायक अरूप रॉय को अध्यक्ष चुना।



## इमारत और एनिमेशन सेंटर के मालिक समेत 4 गिरफ्तार, 4 अधिकारी भी निलंबित

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में लगी आग के बाद पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने अलीगंज थाने में 6 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें इमारत के मालिक और एनिमेशन सेंटर के संचालक समेत 4 गिरफ्तार किए हैं।

**लखनऊ अग्निकांड**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

पुलिस ने सोमवार रात को इमारत के मालिक मदेयगंज निवासी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, पेट शॉप के मालिक अलीगंज निवासी रामकृष्ण उपाध्याय, एनिमेशन सेंटर के संचालक बालागंज निवासी तूशॉक कृष्णा जायसवाल और किरायेदार सुरेश कुमार शाहू निवासी केशवनगर को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी में दर्ज नामजद आरोपी धीरेंद्र शुक्ला और सुरेंद्र शुक्ला की तलाश जारी है। साथ ही, अन्य अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और अग्निशमन संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मुख्यमंत्री योगी ने घटना को लेकर देर रात उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने दोषियों का




पता लगाने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की है। एसआईटी 7 दिन में रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल, मुख्यमंत्री के निर्देश पर 4 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जिसमें प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए गौरव कुमार (बिजली विभाग), कमलेंद्र कुमार सिंह, (दमकल विभाग), अनिल कुमार और प्रमोद पांडे (लखनऊ विकास प्राधिकरण) शामिल हैं। अभी 15 और इंजीनियरों पर गाज गिरेगी।

अलीगंज के उषा मेहता रोड स्थित एक 3 मंजिला व्यावसायिक इमारत में सोमवार दोपहर 2 बजे आग लगी थी। इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर पेट शॉप, दूसरी और तीसरी मंजिल पर एनिमेशन सेंटर चल रहा था। दोपहर को एनिमेशन सेंटर में आग लगी, जो नीचे तक फैल गई। घटना के समय सेंटर में 30 बच्चे थे, जिसमें 10 बिजली के तार के सहारे नीचे उतर गए, जबकि 15 की मौत हो गई। अधिकतर की दम घुटने से मौत हुई है। मृतकों में सागर, नीलेश, अनामिका, संयम, अनुक्षा, सुखमनी, आदित्य श्रीवास्तव, ज्योति, भविष्य, अब्दुल रहमान, सूरज शाह, शाहजान, जयनिल चक्रवर्ती, मोहम्मद अम्मार और सुमल्या शामिल हैं। इन सभी की उम्र 18 से 24 साल बताई जा रही है। हादसे में करीब 9 लोग घायल हुए हैं।

**मॉनसून** | इस दौरान 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है

# दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जोर पकड़ने के साथ ही महाराष्ट्र में हुई झमाझम बारिश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भले ही मॉनसून की बारिश अभी तक दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में नहीं पहुंची है, लेकिन बेमौसम बारिश ने कुछ इलाकों में भीषण गर्मी से राहत दी है। राष्ट्रीय राजधानी में मौसम के बदलते मिजाज कभी धूप तो कभी घने बादल की वजह से तापमान कम बना हुआ है. मौसम विभाग ने यह अनुमान लगाया है कि 23 जून से 26 जून के बीच मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। आईएमडी के अनुसार सोमवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा. पालम में तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रिज और आया नगर में तापमान क्रमशः 24.6 डिग्री सेल्सियस और 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. लोधी रोड पर न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने 23 जून को तापमान में थोड़ी गिरावट का अनुमान लगाया है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ की कुछ जगहों पर अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच है. तेलंगाना, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भी तापमान इसी बीच में है, जबकि देश के बाकी हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम है



लंबे समय तक सूखे के बाद महाराष्ट्र में आखिरकार बारिश हुई क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राज्य के कई हिस्सों में आगे बढ़ गया. उम्मीद है कि अगले 48 घंटों में मॉनसून मुंबई समेत और इलाकों में भी आगे बढ़ेगा। महाराष्ट्र में इसी दौरान सामान्य 133.9 एमएम बारिश के मुकाबले सिर्फ 24.6 एमएम बारिश हुई, जिससे 82 फीसदी की कमी रही और राज्य भारी कमी वाली श्रेणी में आ गया. पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की यह कमी कमजोर मॉनसून हवा, बंगाल की खाड़ी के ऊपर मजबूत कम दबाव वाले सिस्टम के न होने और मॉनसून की अस्थिर स्थितियों के कारण हो रही है। इससे देश के कई हिस्सों में बारिश कम हुई. साथ ही मॉनसून की सक्रियता में देरी से किसानों में चिंता बढ़ रही है. यह याद रखना जरूरी है कि मॉनसून का प्रदर्शन अक्सर एक जैसा नहीं होता. सक्रिय मौसम प्रणाली तेजी से बारिश की कमी को कम कर सकती है और मौसम की स्थिति में सुधार ला सकती है, और इसका खेती और जल संसाधनों पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में मॉनसून के जोर पकड़ने की उम्मीद है, जिससे कई इलाकों में बारिश होगी. इसलिए बदलते मौसम के दौर में खेती के सही तरीकों, पानी के बेहतर मैनेजमेंट और मौसम की सटीक भविष्यवाणी का महत्व और भी बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है. कई इलाकों में बिजली कड़कने और 40-50 किमी/घंटा (झोंकों के साथ 60 किमी/घंटा तक) की तेज हवा के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है। देश के दक्षिणी हिस्से में 23 जून से 28 जून तक तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप में बारिश का दौर जारी रहने की उम्मीद है। कोंकण और गोवा में 23 जून से बारिश बढ़ने की उम्मीद है. पूरे हफ्ते कोंकण और गोवा में भारी बारिश हो सकती है, जबकि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में कहीं-कहीं बारिश के साथ-साथ आंधी और तेज हवा चलने की संभावना है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# औरंगाबाद पुलिस ने प्रापर्टी डीलर पर गोलीबारी करने वाले तीन अभियुक्त दबोचे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद ।** प्रापर्टी डीलर को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर फरार नामजद तीन आरोपियों को पुलिस ने बंदी बना लिया। दबोचे

### अवैध तमंचे चाकू एक कार बरामद, अभियुक्तों का मिला आपराधिक इतिहास

गए बदमाशों में गोली काण्ड का मुख्य अभियुक्त भी शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचे जिंदा व खोखा कारतूस चाकू तथा घटना में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पाया गया। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान को मुखबिर से सूचना मिली कि 19 जून को खान प्रापर्टी डीलर निसार के आफिस पर गोलीबारी करने और निसार के पुत्र गुलजार को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले बदमाश लखावटी नहर पुल से होकर गुजरने वाले हैं। थाना प्रभारी ने तेज तर्रार पुलिस टीम को साथ लेकर लखावटी नहर पुल पर मोर्चा जमा लिया।



उसी समय हुंडई आरा यूपी 13सी एल5261 गुजरी तो पुलिस ने रोका और उसमें बैठे तीन युवकों को हिरासत में ले लिया।थाने लाकर पूछताछ की तो अभियुक्तों ने अपने नाम प्रिस पुत्र चमन, रितिक पुत्र अजयपाल सिंह विनीत पुत्र इंद्रपाल सिंह सभी निवासी ग्राम रजवाना थाना औरंगाबाद बताया। तलाशी में उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे जिंदा व खोखा कारतूस चाकू आदि बरामद किए गए। पुलिस रिकार्ड खंगालने पर अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पाया गया। सभी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस पार्टी में थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान, उपनिरीक्षक दानिश रजा अभिषेक तेवतिया अक्षय कुमार चौधरी तथा कांस्टेबल आकाश वीरेंद्र प्रवीण आदि शामिल रहे।

# स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति बढ़ाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीएम कुमार हर्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आभा आईडी, ई-कवच फैमिली प्लानिंग, आरसीएच पोर्टल, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, जननी सुरक्षा योजना, आशा भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम समेत अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन केंद्रों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वे एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार कर अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि आशा कार्यकताओं का भुगतान समय पर किया जाए तथा आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सीएचओ के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित ओपीडी संचालन और मरीजों के समुचित उपचार के निर्देश भी दिए।



# खनन विभाग की कार्यवाही में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी,अवैध मिट्टी खनन को लेकर लोगों में आक्रोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई ।** नगर के मोहल्ला चौधरी खेल क्षेत्र में कथित अवैध मिट्टी खनन को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि रात के समय लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के संचालन से शोर, धूल और सड़क क्षति की समस्या उत्पन्न हो रही है।

इसी बीच सोशल मीडिया पर मिट्टी से भरे एक ट्रैक्टर के स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार खनन विभाग ने बीती रात कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर आवश्यक कार्यवाही की। इसके बावजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी और सख्त कदम आवश्यक हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्यवाही की मांग की है।



# नैनो यूरिया और डीएपी के संतुलित उपयोग से बढ़ेगी पैदावार, घटेगी लागत: जिला कृषि अधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे फसलों में नैनो यूरिया एवं डीएपी का प्रयोग कृषि विभाग की संस्तुतियों के अनुसार करें, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खेती की लागत भी कम की जा सके।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) फसलों को नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस उपलब्ध कराकर जड़ों के विकास को मजबूत बनाता है और फसल की प्रारंभिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके उपयोग से अंकुरण बेहतर होता है, पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा फूल और दानों का विकास अधिक प्रभावी ढंग से होता है।

उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया आधुनिक कृषि तकनीक का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो फसलों को आवश्यक नाइट्रोजन अधिक प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराता है। इसके प्रयोग से पारंपरिक यूरिया की आवश्यकता कम हो जाती है, उर्वरक की उपयोग दक्षता बढ़ती है तथा मिट्टी, जल और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों में कमी आती है। साथ ही किसानों की उत्पादन लागत घटती है और उन्हें अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

जिला कृषि अधिकारी के अनुसार डीएपी और नैनो यूरिया के संयुक्त एवं संतुलित प्रयोग से फसल को समुचित पोषण मिलता है, जिससे अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

किसानों से अपील की गई है कि वे उर्वरकों का प्रयोग कृषि विभाग की सलाह एवं निर्धारित मानकों के अनुसार ही करें तथा किसी भी प्रकार की जानकारी या मार्गदर्शन के लिए अपने निकटतम कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क करें।



# जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से अवैध शस्त्र मय कारतूस, अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त कार बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (वसीम खॉन)।** थाना क्षेत्र के रजवाना गांव में 19 जून को वादी निशार पुत्र मुन्शी निवासी ग्राम रजवाना थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना औरंगाबाद पर तहरीर दी कि अभियुक्तों द्वारा उसके पुत्र गुलजार को गोली मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना औरंगाबाद पर मुअसं- 215/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 109(1), 352, 351(3), 3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता? रितिक पुत्र अजय पाल निवासी ग्राम रजवाना थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर दूसरे अभियुक्त का नाम प्रिन्स उत्तर पुत्र चमन निवासी ग्राम रजवाना थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर तीसरे अभियुक्त का नाम विनीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम रजवाना थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर। अभियुक्त के पास से बरामद किया गया सामान 02 अवैध तमंचे मय 03 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 0 1 अवैध चाकू, 01 कार घटना में प्रयुक्त(वढ 13उछ 5261) जो वर्तमान में जनपद मेरठ में इलाजरत है एवं जिसकी वर्तमान में स्थिति सामान्य है। उक्त क्रम में आज दिनांक 23 जून को थाना औरंगाबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर घटना में संलिप्त 3 अभियुक्तों को लखावटी नहर पुल के पास से अवैध शस्त्र मय कारतूस, अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा उपरोक्त घटना में संलिप्त 3 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना औरंगाबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



# छात्रों, युवाओं के मुद्दे पर भाजपा और आरएसएस की चुप्पी शर्मनाक, शिक्षा व्यवस्था को खत्म कर रही मोदी सरकार : जियाउर्रहमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** नीट और प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है और प्रेस वार्ता कर शिक्षा बजट कम करने पर चिंता जाहिर की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने मंगलवार को प्रदेश व्यापी पत्रकार वार्ता के कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय पर मीडिया को संबोधित किया और प्रेजेंटेशन देकर भ्रष्ट शिक्षा व्यवस्था की पोल खोली । कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस की चुप्पी को शर्मनाक बताया। साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लखनऊ अग्निकांड में सरकार की लापरवाही से मारे गए मासूम छात्रों को श्रद्धांजलि देते हुए बुलंदशहर में आवासीय परिसरों में हो रही व्यापारिक गतिविधियों को तत्काल रुकवाने की मांग जिला प्रशासन से की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि वर्ष 2018, 2021, 2022, 2024, 2026 में नीट परीक्षा में गड़बड़ियां एवं पेपरलीक हुए। इसके पूर्व भी 2015 में एआईपीएमटी (वर्तमान में नीट) का भी पेपरलीक हो चुका है। देश में युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ लगातार हो रही इस ज्यादती के बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि विगत 03 मई 2026 को आयोजित नीट परीक्षा जिसमें कुल 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे उसमें बड़े पैमाने पर प्रश्न लीक हुए जिसकी खबर सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में सार्वजनिक हुई। दबाव में आयी केंद्र सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी और दुबारा परीक्षा कराये जाने का निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के अलावा सीबीएसई की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में गड़बड़ियों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश में लेखपाल भर्ती परीक्षा, यूपीएसआई, पुलिस सिपाही भर्ती परिक्षा, आरओझ्रएआरओ भर्ती परीक्षा, एसएससी जीडी भर्ती परीक्षा, सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा, ऐसी तमाम प्रतियोगी परीक्षाएं पेपर लीक के माध्यम से भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं है। हाल ही में हुई नीट परीक्षा के पेपर लीक के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा आवाज उठाने एवं सड़कों पर संघर्ष करने के चलते सरकार को पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा। नीट पेपर लीक से पैदा हुए मानसिक तनाव के कारण देश के विभिन्न राज्यों से अब तक 12 छात्र अपनी जान गंवा चुके हैं। कांग्रेस पार्टी इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सरकार उत्प्रेरित हत्या मानती है। जियाउर्रहमान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 23 राष्ट्रीय परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं यानी लगभग हर वर्ष दो पेपर लीक हुए हैं। अब तक देश भर में लगभग 90 से अधिक पेपर लीक हो चुके हैं लेकिन दोषियों को सजा मिलने के मामले न के बराबर हैं। बार-बार पेपर लीक और छात्रों, अभिभावकों की पीड़ा और दर्जन भर छात्रों की आत्महत्या से आहत श्री राहुल गांधी जी ने छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करके शिक्षा व्यवस्था एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में आमूलचूल परिवर्तन के लिए सुझाव प्राप्त करने हेतु ह्यछात्रों की गूंजह्व कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रमों की एक श्रृंखला ह्यकोटा महारैलीह्व से आरम्भ की जो विभिन्न शहरों में छात्रों और युवाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था के बजट को आधा कर दिया है। एक दशक पहले जो 4.7 प्रतिशत था आज वह 2.4 प्रतिशत रह गया है। मोदी सरकार शिक्षा व्यवस्था को खत्म कर रही है। भारत की शिक्षा व्यवस्था आज सिर्फ एक वसूली तंत्र बनकर रह गया है। कांग्रेस ने कहा कि आज युवाओं, छात्रों, बेरोजगारों और आम आदमी की लड़ाई सिर्फ राहुल गांधी और कांग्रेस लड़ रही है। कांग्रेस को मजबूत करना आज वक्त और देश की जरूरत है ।

पत्रकार वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, कोषाध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, भजनलाल विमल, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ, कंट्रोल रूम प्रभारी नईम मंसूरी, एससी विभाग के चेयरमैन चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, सुरेंद्र उपाध्याय, आदर्श देव शर्मा आदि मौजूद रहे।




# गुलावठी में शोरूम के अंदर व्यापारी की गोली मारकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** नगर में मंगलवार शाम एक सनसनीखेज वारदात में इलेक्ट्रिक स्कूटी व्यापारी रोहताश कुमार की

### पुराने हत्याकांड की रंजिश में वारदात की आशंका, घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद

उनके शोरूम के अंदर घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इलेक्ट्रिक स्कूटी से आए दो नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद फरार हुए दोनों आरोपियों को पुलिस ने कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार हापुड़ जनपद के गांव पारपा निवासी 45 वर्षीय रोहताश कुमार ने गत 1 जून को गुलावठी में गोपाल पेट्रोल पंप के सामने इलेक्ट्रिक स्कूटी, इन्वर्टर और बैटरी का शोरूम शुरू किया था। मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह अपने कर्मचारी सौरभ के साथ शोरूम में बैठे हुए थे। इसी दौरान दो नकाबपोश युवक इलेक्ट्रिक स्कूटी से वहां पहुंचे और अचानक दुकान के अंदर घुस गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने रोहताश को देखते ही उन पर ताबड़तोड़ चार से पांच राउंड फायरिंग कर दी। गोलियां उनके सिर और गर्दन में लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस ने कुछ ही दूरी पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों और पुलिस के बीच छीना-झपटी भी हुई, जिसमें कोतवाल धर्मेंद्र शर्मा के हाथ में हल्की चोट आई। क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

मृतक की पत्नी रेखा ने बताया कि जनवरी माह में गांव पारपा में पैसों के लेन-देन को लेकर दूसरे परिवार के साथ विवाद हुआ था। विवाद के दौरान एक व्यक्ति की हत्या हो गई थी, जिसमें रोहताश का नाम भी सामने आया था। इस मामले में वह जेल गए थे और हाल ही में जमानत पर रिहा होकर बाहर आए थे। शोरूम कर्मचारी सौरभ ने बताया कि दो युवक मुंह ढंककर दुकान में आए और बिना कुछ कहे सीधे रोहताश पर गोलियां चला दीं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और साहसिक प्रदर्शन से प्रभावित होकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गुलावठी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## ज्ञापन सौंपा

## समस्याओं को लेकर हल्ला बोल रहा

# राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम खान)।** राजेबाबू पार्क में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकताओं ने जनपद की समस्त समस्याओं को लेकर मंथन किया गया,पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी, उनके सहयोगी साथी प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तोमर, जिला प्रभारी चौधरी गुड्डू प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, एनसीआर महासचिव बिल्लू चौधरी, जिला संरक्षक कुलदीप गुड्डू आदि मुख्य पदाधिकारीयों ने भाग लिया, किसानों की समस्याएं जैसे फार्म रजिस्ट्री, खाद और डाई की समस्या, अंश निर्धारण, नकली कीटनाशक, खराब एवं फेल बीज, फसलों का लाभकारी मूल्य, आवारा एवं निराश्रित पशु, नहर और रजवाहो में पानी, गन्ने का भुगतान, भूमि विवाद आदि समस्याओं को लेकर हल्ला बोल रहा। किसानों के बीच पहुंचे जिला कृषि अधिकारी श्री राम कुमार यादव तथा सहकारिता के एक सहायक अधिकारी और सदर कोतवाल ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राठौड़, तथा जिला गन्ना अधिकारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए चौधरी मांगेराम त्यागी ने पगड़ी पहनाकर सभी किसानों के साथ सम्मानित किया ,इसके बाद किसान जुलूस के रूप में जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया गया सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने कहां की प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द निपटारा करें अन्यथा बहुत जल्द लखनऊ में होगा एक बड़ा आंदोलन जिसकी जिम्मेदारी शासन व सरकार की होगी युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने जिला प्रशासन से कहां की जो समस्याएं लोकल स्तर की हैं उनको वह तत्काल निपटारा करें अन्यथा कलेक्ट्रेट पर होगा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी जिला संरक्षक कुलदीप गुड्डू ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे से संबंधित किसानों को मुआवजा व अंडरपास दिए जाएं जहां पर जरूरी है वहां पर सर्विस रोड दी जाए अन्यथा होगा आंदोलन मुख्य रूप से शामिल किसान--धीरज चौहान, यशपाल चौधरी, जगबीर चौधरी, कुलदीप चौधरी, अरविंद शर्मा, अंकुर त्यागी, मुदस्सिर गिरोरा, प्रदीप गॉड, धर्मवीर राघव, लाल सिंह राणा, संजू राणा, भगवाना मुकददम, पवन लोधी, सीटू लोधी, राज सिंह लोधी, दीपक शर्मा, चमन खाद, बिंदु जाटव, किरनपाल मुक्तेसरा, सावेज खान, मेराज खान, इश्तियाक खान, इस्तकार चौधरी, इरफान अली, इमरान अली, इरफान पहलवान, आदिल खान, सरफराज खान, शाहआलम , प्रवीन शर्मा, विजय सैनी, हाजी वहाब, हीरा शर्मा, दिनेश शर्मा, मूला कमलपुर, प्रिंस चौहान, मनवीर यादव, गुड्डू मेवाती, शमीम सैफी, आदि सैकड़ो से भी ज्यादा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**संबंध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र इरफान और उसकी पत्नी हिना को उसके गलत व्यवहार और गलत चाल चलन को लेकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं ।

**मिन मजानिब**
**अहमद सईद पुत्र मोहम्मद उमर**
**नसरीन पत्नी अहमद सईद**
**निवासीगण गांव हाजीपुर भटोला**
**थाना खुर्जा देहात**
**जनपद बुलंदशहर**

# भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधायक संजीव शर्मा नें भारत के महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प पूरा कर सकते हैं। कोटि-कोटि नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। इस अवसर पर पप्पू पहलवान पूर्व महानगर महामंत्री, चेयरमैन संदीप पाल, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, नामित पार्षद श्याम शर्मा, सुमन, पार्षद पप्पू नागर, ऋषभ शर्मा, अंकित गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ऑनलाइन बैठक के कार्यवृत ऑनलाइन बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की ऑनलाइन बैठक में संगठन विस्तार, राजनीतिक रणनीति, जनसंपर्क अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय एवं चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा, गाजियाबाद स्थित पश्चिमाञ्चल निर्माण पार्टी के स्वामित्व हस्तांतरण के संबंध में औपचारिक वार्ता करेगा। यदि यह हस्तांतरण सफल होता है तो आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव उक्त पार्टी के बैनर तले लड़ा जाएगा। प्रगति से कोर कमेटी को अगली बैठक में अवगत कराया जाएगा।फंडिंग समितियों का गठन संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं गाजियाबाद में अलग-अलग फंडिंग समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। ये समितियां संसाधन जुटाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को सहयोग प्रदान करेंगी। कोर कमेटी का विस्तार कोर कमेटी को अधिक प्रभावी एवं प्रतिनिधिक बनाने हेतु अजय चौधरी से चर्चा कर उन्हें कोर कमेटी में शामिल करने पर सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया 4. महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व संगठन एवं प्रस्तावित राजनीतिक पार्टी की कोर कमेटी एवं अन्य महत्वपूर्ण समितियों में महिला शक्ति को अधिक प्रतिनिधित्व देने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान जिन जिलों एवं विधानसभा क्षेत्रों में संभावित प्रत्याशी तय हो चुके हैं, वहां प्रत्येक गांव में संबंधित प्रत्याशियों के नेतृत्व में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से पश्चिम प्रदेश की अवधारणा, संगठन की नीतियों एवं जनसमस्याओं पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। 6-7 जून 2026 की बैठक के एजेंडा पर प्रगति रिपोर्ट केंद्रीय महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि 7 जून 2026 की बैठक में निर्धारित चार प्रमुख बिंदुओं पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कुछ कार्य पूर्णता की ओर हैं, जबकि शेष प्रक्रियाधीन हैं। सभी बिंदुओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। 7. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष से चर्चा लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के साथ प्रदेश से जुड़े विभिन्न राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में क्षेत्रीय समर्थन, जनसंपर्क विस्तार एवं आगामी राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई।



# भूमाफियाओं पर प्रशासन का बड़ा प्रहार: 260 करोड़ की 250 बीघा सरकारी भूमि कराई कब्जामुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 260 करोड़ रुपये मूल्य की 250 बीघा सरकारी भूमि को अपने कब्जे में ले लिया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है।

**डासना में चला प्रशासन का सख्त अभियान, सरकारी जमीन पर लगाया कब्जे का बोर्ड, अवैध निर्माण और खरीद-फरोख्त पर पूर्ण रोक**

ग्राम डासना स्थित सरकारी भूमि पर राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने पहुंचकर मौके पर निरीक्षण किया तथा विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए भूमि पर प्रशासनिक कब्जा प्राप्त किया।

इसके साथ ही भूमि पर बड़े-बड़े सूचना बोर्ड स्थापित कर स्पष्ट कर दिया गया कि यह सरकारी संपत्ति है और यहां किसी भी प्रकार का निर्माण, कब्जा या खरीद-बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है।

**मुनादी कर दी चेतावनी, अब नहीं बख्शे जाएंगे कब्जाधारी**

कार्रवाई के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित ने मौके पर सार्वजनिक मुनादी कराकर लोगों को चेताया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने या उसकी खरीद-फरोख्त में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के लिए अब जनपद में कोई जगह नहीं है।







**मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप चल रहा अभियान**

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने का अभियान पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद की एक-एक इंच सरकारी जमीन की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है और किसी भी व्यक्ति को उस पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

"सरकारी जमीन हड़पने वालों पर होगी निर्णायक कार्रवाई"जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि भूमाफियाओं के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जो लोग सरकारी भूमि पर कब्जा कर बैठे हैं या ऐसे प्रयास कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर कानून के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

जनता से भी सहयोग की अपील प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, निर्माण या खरीद-फरोख्त की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

डासना में हुई यह बड़ी कार्रवाई जनपद में भूमाफियाओं के खिलाफ प्रशासन की सख्त मंशा का स्पष्ट संदेश है और आने वाले दिनों में ऐसे अभियान और तेज होने के संकेत दे रही है।

# रिवर हाइट्स एओए चुनाव में सुबोध त्यागी पैनल की शानदार जीत, समर्थकों ने मनाया जश्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाइट्स सोसाइटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (AOA) के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। नामित चुनाव अधिकारी ऋचा चौधरी ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सुबोध त्यागी के नेतृत्व वाले पैनल ने भारी बहुमत के साथ सभी पदों पर जीत दर्ज करते हुए क्लीन स्वीप किया। परिणाम सामने आते ही सोसाइटी में उत्साह का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में निवासी जश्न में शामिल हुए।

विजय की खुशी में समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों पर जमकर नृत्य किया तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। देर रात तक सोसाइटी परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर सुबोध त्यागी ने अपनी जीत का श्रेय रिवर हाइट्स के निवासियों को देते हुए कहा कि यह सत्य और विश्वास की जीत है। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निवासियों ने जिस प्रेम और भरोसे के साथ उन्हें समर्थन दिया है, उसका ऋण वह जीवनभर नहीं चुका पाएंगे। साथ ही उन्होंने सोसाइटी के विकास और निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।







# एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद ने गंगनहर मुरादनगर किनारे किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद द्वारा अपने अभियान "चलों मिलकर एक पौधा रोपें" के तहत विशेष पौधारोपण मुरादनगर गंगनहर किनारे किया गया। यह विशेष पौधारोपण क्लब के कार्यक्रम समन्वयक उत्कर्ष शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। जिसमें जामुन और अमरूद के पौधे रोपित किये गये। उत्कर्ष शर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने जन्मदिवस, सुअवसरों व महत्वपूर्ण दिवसों को पौधारोपण कर यादगार बनाना चाहिए। एक पौधा लगाकर व उसका पालन पोषण कर हम पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान दे सकते हैं। और बताया कि आगामी वर्षा ऋतु में क्लब वृहद् स्तर पर जनपद के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण करेगा। इस दौरान वन दारोगा नवनीत, क्लब कार्यक्रम सह- समन्वयक अर्शी त्यागी, मनीष राठौर, जोया, आंचल व काजल मौजूद रहे।




**जीवन में योग की महत्ता विषय पर गोष्ठी सम्पन्न**

# योग जीवन जीने की कला है : आचार्य श्रुति सेतिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में जीवन में योग की महत्ता विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 790 वाँ वेबीनार था। वैदिक विदुषी श्रुति सेतिया ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव,चिंता और असंतुलित दिनचर्या आम समस्या बन गई है।ऐसे में योग केवल एक व्यायाम नहीं,बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है।योग शरीर,मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।यह हमें शारीरिक शक्ति,मानसिक शांति और सकारात्मक सोच उत्पन्न करता है।नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला और ऊर्जावान बनता है।वहीं प्राणायाम और ध्यान मन को एकाग्र तथा तनावमुक्त करने में सहायता करते हैं।योग हमें वर्तमान क्षण में जीना सिखाता है और आत्मविश्वास को बढ़ाता है।आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि योग अनेक जीवनशैली संबंधी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है।

योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष साधन या स्थान की आवश्यकता नहीं होती।इसे हर आयु का व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार अपना सकता है।यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कुछ समय योग के लिए निकाले,तो न केवल उसका स्वास्थ्य बेहतर होगा,बल्कि समाज में शांति,अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनेगा। योग भारत की अमूल्य धरोहर है,इसे केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर जीवन का अभिन्न अंग बनाना ही सच्चे अर्थों में योग का सम्मान है।योग केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाता बल्कि जीवन को संतुलित,सार्थक और आनंदमय बनाता है।मुख्य अतिथि कृष्णा पाहुजा व अध्यक्ष राजश्री यादव ने भी योग की महत्ता पर विचार रखे।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा,शोभा बत्रा ,सुधीर बंसल कमला हंस, संतोष धर,प्रतिभा कटारिया प्रवीना ठक्कर आदि ने मधुर भजन सुनाए।प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने प्रखर राष्ट्रवादी नेता,महान चिंतक,भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान देने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी बलिदान दिवस पर वैचारिक श्रद्धासुमन अर्पित किये।




# अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण नहीं मिलने पर दो लाइब्रेरी सील, कोचिंग सेंटरों व लाइब्रेरी में आग से अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता परखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लखनऊ कोचिंग सेंटर घटना के बाद उच्चाधिकारियों के निदेशों के अनुपालन में मंगलवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं प्रभारी अग्निशमन केंद्रों द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों में कोचिंग सेंटरों एवं लाइब्रेरी में अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा संबंधी फायर ऑडिट, अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता की सुनिश्चितता एवं प्रशिक्षण दिया। साथ ही अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण नहीं मिलने पर दो लाइब्रेरी को सील करने की कार्यवाही की गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान में भवनों में कार्यरत प्रबंधन,कर्मियों को अग्नि से बचाव के उपाय बताए, अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गयी, साथ ही पर्याप्त निकास मार्ग के संबंध में जानकारी लेकर प्राप्त निकास मार्ग सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया तथा अग्निदुर्घटना के दोरान कैसे स्वयं और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाले इस संबंध में भी बताया गया। इसके साथ सभी संस्थानों के प्रबंधन को अग्नि सुरक्षा के समस्त उपायों को स्थापित और कार्यशील रखने हेतु भी निर्देशित किया।



# लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसायटी के अध्यक्ष अमित त्यागी एवं कोषाध्यक्ष दीपक त्यागी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लैण्ड काफ्ट मेट्रो होम्स आनर्स अपार्टमेन्ट एसोसिएशन बंसतपुर सैतली मुरादनगर गाजियाबाद का पंजीकरण सं० GHA/03008/2025-2026 को पंजीकरण सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अर्न्तगत दिनांक 19.07.2025 से पंजीकृत है। उक्त सोसाइटी मे संजय अरोड़ा जी प सचिव के पद पर है। उक्त संस्था के पंजीकरण के पश्चात से ही अध्यक्ष अमित कुमार त्यागी, कोषाध्यक्ष दीपक त्यागी व अन्य सदस्य आपस में साज करके सोसायटी के फण्ड का मनमाना उपयोग अपने निजी कार्य के लिये कर रहे है। सोसायटी के व्यय में फर्जी बिल बनवाकर, कम पैसो के कार्य को अधिक पैसो में दिखाकर संस्था के फण्ड को मिलीभगत करके दुर्विनयोग कर रहे है। उक्त लोग सोसायटी की धनराशि ज्यादा खर्च करके अपना कमिशन लेकर सोसायटी के फण्ड को मनमाने रूप से खर्च कर रहे है। सोसाईटी का खाता अध्यक्ष अमित त्यागी तथा कोषाध्यक्ष दीपक त्यागी बिना प्रार्थी को बताये धनराशि भी निकासी अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिये कर रहे है। जो सोसाईटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम तथा सोसाईटी के उदेश्यों के विरूद्ध है। दिनांक 21.06.2026 को क्लब हाउस में ऑडिट की जी०बी०एम० कराई गयी थी जिस निवासी सदस्यों ने ऑडिट की मांग के प्रस्ताव की बहुमत से स्वीकार हुआ। ऐसी परिस्थितियों में सोसाईटी के खातो का फोरेंसिक ऑडिट होना लोकहित में नितान्त आवश्यक है। लैण्ड क्राफ्ट मेट्रो होम्स अपार्टमेन्ट एसोसिएशन बसंतपुर सैंतली मुरादनगर, गाजियाबाद के खातो का फोरेंसिक ऑडिट कराकर उक्त दोषी लोगो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग सोसायटी के सचिव द्वारा की गई हैं!




**एन्क्लेव योजना**

## निवेशकों का उमड़ा भरोसा, 45 करोड़ के विकास कार्यों से बदलेगी पूरे क्षेत्र की तस्वीर


# 315 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री से चमकी जीडीए की कोयल एन्क्लेव योजना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** विकास प्राधिकरण (जीडीए) की महत्वाकांक्षी कोयल एन्क्लेव योजना इन दिनों विकास और निवेश दोनों मोर्चों पर नई ऊंचाइयों को छू रही है। योजना में पिछले छह माह के दौरान लगभग 315 करोड़ मूल्य की संपत्तियों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। यह उपलब्धि न केवल निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दशार्ती है, बल्कि इस बात का भी संकेत है कि कोयल एन्क्लेव तेजी से एनसीआर के उभरते हुए प्रमुख आवासीय गंतव्यों में शामिल हो रही है। प्राधिकरण के अनुसार नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से मुख्य रूप से ग्रुप हाउसिंग भूखंडों सहित करीब 312 करोड़ मूल्य की संपत्तियों का विक्रय किया गया, जबकि "पहले आओ-पहले पाओ" योजना के अंतर्गत लगभग 2.50 करोड़ मूल्य की संपत्तियां आवंटित की गईं। कुल मिलाकर छह माह में 315 करोड़ के कारोबार ने कोयल एन्क्लेव को जीडीए की सबसे चर्चित और आकर्षक योजनाओं में शामिल कर दिया है। विकास की नई पटकथा लिख रहा जीडीए सिर्फ बिक्री ही नहीं, बल्कि आधारभूत सुविधाओं के विकास में भी जीडीए ने बड़ा निवेश किया है। योजना को आधुनिक, व्यवस्थित और विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए लगभग 45 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा कई नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इन विकास कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण रामायण थीम पार्क का निर्माण है, जो योजना की नई पहचान बनने जा रहा है। धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से यह पार्क पूरे क्षेत्र को विशेष पहचान प्रदान करेगा। सड़कों, ड्रेनेज और रोशनी से बदलेगी तस्वीर कोयल एन्क्लेव के सभी 24 मीटर एवं 12 मीटर चौड़े आंतरिक मार्गों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही सीवर, नालियों और ड्रेनेज नेटवर्क को भी आधुनिक बनाया जा रहा है ताकि निवासियों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। योजना की सुंदरता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़कों, साइड वर्ज तथा सेंट्रल वर्ज पर उच्च गुणवत्ता की स्ट्रीट लाइट और हेरिटेज लाइट्स स्थापित की जा रही हैं, जिससे पूरा क्षेत्र रात के समय भी आकर्षक और जगमगाता नजर आएगा।भव्य प्रवेश द्वार और ग्रीन बेल्ट बनेगी आकर्षण का केंद्र योजना में भव्य मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्य मार्ग से सटी ग्रीन बेल्ट का व्यापक सौंदर्यीकरण, लैंडस्केपिंग और उद्यानीकरण किया जाएगा। योजना में स्थित छठ घाट का भी उच्चस्तरीय निर्माण और सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिससे धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। आवासीय टावरों में भी बढ़ेंगी सुविधाएं जीडीए द्वारा निर्मित बहुमंजिला आवासीय टावरों में बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने, अनुरक्षण कार्य, विद्युतीकरण और अन्य नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं निवासियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है 'संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि की उम्मीद विशेषज्ञों का मानना है कि विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद कोयल एन्क्लेव न केवल बेहतर आवासीय सुविधाओं वाला क्षेत्र बनेगा, बल्कि यहां की संपत्तियों के मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यही कारण है कि निवेशकों और गृह खरीदारों की रुचि लगातार बढ़ रही है।

**एनसीआर में अलग पहचान बनाने की तैयारी**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का लक्ष्य कोयल एन्क्लेव को आधुनिक शहरी सुविधाओं, हरित वातावरण और उत्कृष्ट आधारभूत ढांचे से युक्त एक आदर्श आवासीय योजना के रूप में विकसित करना है। जिस गति से बिक्री और विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं। उससे यह योजना जल्द ही एनसीआर के प्रमुख आवासीय केंद्रों में अपनी अलग पहचान स्थापित करती दिखाई दे रही है। छह माह में ?315 करोड़ की संपत्तियों की रिकॉर्ड बिक्री 312 करोड़ की संपत्तियां नीलामी के जरिए बिकीं 2.50 करोड़ की संपत्तियां "पहले आओ-पहले पाओ" योजना में आवंटित 45 करोड़ के विकास कार्यों को मिली रफ्तार रामायण थीम पार्क बनेगा नई पहचान हेरिटेज लाइटिंग, आधुनिक सड़कें और ड्रेनेज नेटवर्क विकसित छठ घाट का सौंदर्यीकरण और आरओ प्लांट की स्थापना एनसीआर की प्रमुख आवासीय योजना बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही कोयल एन्क्लेव।






# सरस्वती विद्या मंदिर में वार्ष्णेय पहल संस्था ने लगवाया वाटर फिल्टर कूलर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वार्ष्णेय पहल संस्था "एक पहल समाज से,समाज के लिए"द्वारा अलीगढ़ के गोंडा रोड



स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वाटर फिल्टर कूलर स्थापित कराया।इस दौरान सर्वप्रथम विद्यालय परिवार द्वारा संस्था के सदस्यों का तिलक कर एवं पटका पहना कर स्वागत किया गया।इस वाटर कूलर शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक कृष्ण गोपाल,संघ महानगर प्रचारक राम जी,प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शर्मा, प्रबंधक राजीव अग्रवाल,नवीन मामा द्वारा किया गया।वहीं इस अवसर पर संस्था के चैयरमैन गौरव वार्ष्णेय पीतल,अध्यक्ष कन्हैयालाल गुप्ता, अमित किताब,सीए.जितेंद्र कुमार गुप्ता और तनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि संस्था अपने नाम अनुरूप नित नवीन पहल करती रहती है और इसी क्रम में वार्ष्णेय पहल संस्था परिवार द्वारा बढती गर्मी में इस विद्यालय के छात्रों एवं स्टाफ के लिए यह वाटर कूलर लगवाया गया है।संस्थापक घनेद्र गुप्ता,हिमांशु वार्ष्णेय ने कहा कि संस्था परिवार इसी प्रकार से भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा।इस अवसर पर उप-प्रबंधक राजा बाबू, कोषाध्यक्ष सुदेश कुमार गौड़,सुरभि केला,जोया,अतुल शर्मा और प्रिया के साथ-साथ संस्था परिवार से विकास दिनेश,लव वार्ष्णेय,आमोद महाशय, रामकुमार गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण में नगर निगम की भूमिका अहम, कर्मचारियों को किया गया संवेदीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जवाहर भवन में नगर निगम के समस्त कर्मचारियों का संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को संचारी रोगों की रोकथाम, स्वच्छता प्रबंधन और जनजागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। संवेदीकरण कार्यक्रम में बताया गया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए दैनिक रूप से नालों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव तथा कूड़े का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कूड़ा संग्रहण वाहनों पर लगे माइक के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।




जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 विनीता मिश्रा ने कहा कि मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना प्राथमिकता होनी चाहिए।डायरिया और जलजनित रोगों से बचाव के लिए सुरक्षित पेयजल, साफ-सफाई और हाथ धोने की आदतों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग कराने एवं व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बैक्टीरियोलॉजिकल, बायोलॉजिकल एवं बायोकेमिकल परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त स्क्रब टाइफस जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए झाड़ियों की नियमित कटाई, साफ-सफाई एवं चूहों और छछूंदरों के नियंत्रण संबंधी उपायों को भी आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान तभी सफल होगा जब विभागीय प्रयासों के साथ-साथ आमजन की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, जलभराव न होने देने तथा किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने की अपील की गई।

# मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा, के डॉक्टरों ने कॉम्प्लेक्स ओरल कैंसर सर्जरी कर अलीगढ़ के मरीज को दी नई जिंदगी, जबड़े की सफल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी से बहाल हुई चेहरे की संरचना और कार्यक्षमता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के डॉक्टरों ने एडवांस स्टेज ओरल कैंसर से पीड़ित अलीगढ़ के 58-वर्षीय मरीज का सफल उपचार करते हुए उनके जबड़े का कॉम्प्लेक्स रिकंस्ट्रक्शन किया। इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण सर्जरी के माध्यम से मरीज की चेहरे की संरचना के साथ-साथ बोलने, चबाने और निगलने जैसी महत्वपूर्ण कार्यक्षमताओं को




भी सफलतापूर्वक बहाल किया गया। यह सर्जरी मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा, के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. एस. एम. शोएब जैदी और उनकी टीम द्वारा की गई।

मरीज, श्री मेहताब अख्तर, पहले से ही टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित थे। जांच के दौरान उन्हें मुंह के निचले हिस्से यानी जीभ के नीचे स्थित टिशूस में होने वाले स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (ओरल कैंसर) का पता चला।

अलीगढ़ में प्रारंभिक निदान के बाद उन्हें विशेष कैंसर उपचार के लिए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा रेफर किया गया।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा, में विस्तृत जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि लगभग 32 सेंटीमीटर आकार का ट्यूमर जीभ की मांसपेशियों पर दबाव बना रहा था और बाएं हिस्से के जबड़े की हड्डी तक फैल चुका था, जिससे हड्डी को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद डॉ. एस. एम. शोएब जैदी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने कैंसर को पूरी तरह हटाने और मरीज के चेहरे की बनावट, बोलने की क्षमता, निगलने की प्रक्रिया तथा जीवन की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक व्यापक सर्जिकल योजना तैयार की।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा, के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. एस. एम. शोएब जैदी, ने कहा, जब ओरल कैंसर जबड़े तक पहुंच जाता है तो उसका उपचार काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि कैंसर को पूरी तरह निकालने के साथ-साथ मरीज की बोलने, चबाने और निगलने जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को भी संरक्षित रखना आवश्यक होता है। इस मामले में कैंसर जबड़े की हड्डी तक फैल चुका था, इसलिए व्यापक सर्जरी की आवश्यकता थी। हमारा मुख्य उद्देश्य पर्याप्त सुरक्षा सीमा के साथ कैंसर को पूरी तरह हटाना और मरीज को सामान्य जीवन के करीब वापस लाना था। हमने कैंसर से प्रभावित जबड़े के हिस्से को हटाने के साथ आसपास की लिम्फ नोड्स को भी निकाला ताकि बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। इसके बाद मरीज के पैर से हड्डी और टिशूस लेकर जबड़े का रिकंस्ट्रक्शन किया गया। इस प्रकार की सर्जरी में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रिकंस्ट्रक्टिव टीमों के बीच उत्कृष्ट समन्वय तथा डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी को-मोर्बिडिटीस का सावधानीपूर्वक प्रबंधन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

डॉ. जैदी, ने आगे कहा, ह्लमाइक्रोवैस्कुलर फिबुलर फ्री फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन को कैंसर सर्जरी के बाद जबड़े के रिकंस्ट्रक्शन की सबसे प्रभावी तकनीकों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह संरचना और कार्यक्षमता दोनों को बहाल करने में मदद करती है। प्रक्रिया की कॉम्प्लीकेशन्स और मरीज को डायबिटीज होने के बावजूद उनकी रिकवरी लगातार सकारात्मक और उत्साहजनक रही।

इस सफल उपचार के साथ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा, ने एक बार फिर एडवांस्ड कैंसर उपचार, मल्टीडिसिप्लिनरी विशेषज्ञता और अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। हॉस्पिटल व्यापक ऑन्कोलॉजी और रिकंस्ट्रक्टिव सेवाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर चिकित्सीय परिणाम और बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

# लखनऊ कोचिंग सेन्टर के हादसे के बाद होश में आये अलीगढ़ के अधिकारी और शिक्षा विभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सालों से चल रहा कटारा कोचिंग सेंटर को सील कर, संचालक कोचिंग सेंटर बंद करके भागे**

**अलीगढ़।** सोमवार को लखनऊ में कोचिंग संस्थान में आग लगने के बाद अलीगढ़ का जिला विद्यालय कार्यालय को होश आ गया और लखनऊ के भीषण अग्निकांड के बाद अलीगढ़ प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सालों से चल रहा क्वार्सी थाना क्षेत्र के रामघाट रोड स्थित कटारा कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। जांच के दौरान कोचिंग संचालक टीम को




संचालन की अनुमति से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटर के पास अग्निशमन विभाग (फायर विभाग) की एनओसी भी नहीं मिली। नियमों की अनदेखी और बिना अनुमति कोचिंग संचालन के चलते डीआईओएस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सेंटर को सील कर दिया। साथ ही ग्रेविटी कोचिंग सेंटर, अलीगढ़ कम्पटीशन क्लासेज को भी सील कर दिया गया। सात संचालक कोचिंग सेंटर बंद करके भाग गए। प्रशासन का कहना है कि कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्था, भवन सुरक्षा और पंजीकरण संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

# तालानगरी में प्लास्टिक के कबाड़ गोदाम में लगी आग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार की सुबह हरदुआगंज के तालानगरी सेक्टर दो स्थित एक प्लास्टिक के



कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की चार दमकलें मौके पर पहुंचीं और लगभग 35 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में गोदाम स्वामी को लगभग 70 से 80 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना तालानगरी सेक्टर दो में जीएसटी कार्यालय के निकट हुई, जहां शाहजमाल निवासी मोहम्मद चमन का प्लास्टिक कबाड़ का गोदाम है। गोदाम मालिक के बेटे रिजवान ने बताया कि वह तालानगरी क्षेत्र की फैक्ट्रियों से निकले प्लास्टिक के कबाड़ को खरीदते हैं और उसे अलग-अलग करके बेचते हैं। 23 जून सुबह करीब 11 बजे, गोदाम के पीछे बने एक कमरे में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली। आग की लपटें उठते देख आसपास के लोगों ने तुरंत गोदाम मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग को अलर्ट किया गया। सीओ फायर बिग्रेड के नेतृत्व में तालानगरी, अतरौली और बन्नादेवी की कुल चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने बहादुरी और सूझबूझ का परिचय देते हुए लगभग 35 मिनट के अथक प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग लड़के से दुष्कर्म केस में महिला गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इगलास थाना क्षेत्र में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में वांछित एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद महिला को जेल भेज दिया गया है।



पीड़ित नाबालिग लड़के की मां ने इगलास थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी महिला प्रीति पिछले करीब ढाई साल से उन के नाबालिग बेटे के साथ लगातार यौन उत्पीड़न कर रही थी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी महिला पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी देती थी।

### राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विवि में मां-बेटी सम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से श्मां-बेटी सम्मेलनश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और उनकी माताओं के बीच संवाद को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। सम्मेलन में लगभग 100 छात्राएं अपनी माताओं के साथ शामिल हुईं। इस दौरान छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड जांच भी कराई गई। स्वास्थ्य जांच लोधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की टीम द्वारा की गई। डॉ. शिखा सिंह ने महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए काउंसलिंग की। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और स्वच्छ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आनंदीबेन पटेल महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा



तथा सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि परिवार में मां की भूमिका बालिका के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कुलपति ने कहा कि मां और बेटी के बीच मजबूत संवाद स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की आधारशिला है। विश्वविद्यालय छात्राओं के समग्र विकास, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। सम्मेलन के दौरान माताओं और छात्राओं ने स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रबुद्ध सिंह, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. लकी गुप्ता, प्रो. गीतिका सिंह, प्रो. नीता वार्ष्णेय, प्रो. पुष्पेंद्र यादव, डॉ. तनु वार्ष्णेय, डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ. अमरजीत कौर, डॉ. कीर्ति राजपूत तथा डॉ. आयुष गौड़ उपस्थित रहे।

### आरबीएसके बना उम्मीद की किरण, जन्मजात बहरेपन से जूझ रहे मितांश को मिली नई सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गंभीर जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। खैर ब्लॉक के रूपा नगला निवासी 3 वर्ष 6 माह के मितांश की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है। जन्मजात बहरेपन के कारण मितांश न तो सुन पाता था और न ही बोल पाता था। बेटे की इस स्थिति से माता-पिता बेहद चिंतित रहते थे और उपचार के लिए विभिन्न निजी अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। मितांश के पिता नरेश कुमार और माता पूजा बताते हैं कि निजी चिकित्सक के



माध्यम से उन्हें आरबीएसके योजना की जानकारी मिली। इसके बाद आरबीएसके टीम ने बच्चे की पहचान कर उसे निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया। उपचार के बाद मितांश की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे पूरा परिवार खुशी और संतोष का अनुभव कर रहा है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, सैम बच्चों के गुणवत्तापरक चिन्हांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, संभव अभियान और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन, प्रमोशन एवं नये पदों पर नियुक्ति के संबंध में गहन समीक्षा की गई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि पोषण संबंधी योजनाएं शासन की निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों पर निर्माण कार्य लंबित है, वहां संबंधित विभाग नियमित मॉनिटरिंग करें और प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

सीडीओ ने निर्देशित किया कि सीडीपीओ स्थलीय भ्रमण के दौरान निमार्ण कार्यों की गुणवत्ता की भी सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए सैंपल लेने के निर्देश दिए। डीपीओ ने संभव अभियान के बारे में बताया कि माह जून में शत-प्रतिशत बच्चों की वृद्धि निगरानी, जुलाई में मातृत्व पोषण, अगस्त में 06



सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने स्पष्ट किया कि सैम बच्चों के चिन्हांकन में पूरी सावधानी एवं संवेदनशीलता बरती जाए। प्रत्येक चिन्हित बच्चे की सीडीपीओ स्वयं मॉनिटरिंग करें और उनको पूर्ण स्वास्थ्य लाभ दिलाएं। वर्तमान में एनआरसी में 08 बच्चे उपचारित होने की जानकारी दी गई। सीडीओ ने निर्देशित किया कि एनआरसी को पूर्ण क्षमता से संचालित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी के.के. राय ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 63 आंगनबाड़ी केंद्रों के सापेक्ष में ग्राम पंचायत एवं आरईडी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनमें 39 केंद्र पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 24 केंद्र फिनिशिंग स्तर पर हैं। वहीं वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 109 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र योजना के तहत 189 केंद्रों पर एलईडी स्थापित की जा चुकी हैं। सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी सीडीपीओ ईओ एवं एडीओ पंचायत से समन्वय स्थापित कर निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को माह से छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान, सितम्बर में ऊपरी आहार, प्रोत्साहन एवं पोषण माह, अक्टूबर में फाइनल डाटा मैचिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सैम बच्चों की फीडिंग अब ई-कवच पोर्टल पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में समायोजन के 09 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर समिति द्वारा जांच कर निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही जिले में 237 आंगनबाड़ी एवं 247 सहायिका कार्यकत्रियों की भी नियुक्ति की जानी है।

सीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गर्भवती महिला, धात्री माता और बच्चों को बेहतर पोषण सुविधाएं मिलें, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और धरातल पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में डीसी एनआरएलएम मंजु त्रिवेदी, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी, डीपीआरओ यतेन्द्र सिंह, एक्सईएन आरईएस समेत सीडीपीओ एवं एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

# रचनात्मकता के रंगों से सजा गुरुद्वारा परिसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बाल पत्रिका अभिनव बालमन द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता मेरा मन, मेरे रंग का आयोजन श्री गुरुद्वारा साहिब, गुरु रामदास नगर में किया गया।



प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चित्रकला के माध्यम से अपने मनोभावों, कल्पनाओं और रचनात्मक विचारों को रंगों के जरिए अभिव्यक्त किया। बच्चों की कलाकृतियों में प्रकृति, सामाजिक सरोकार, पारिवारिक भावनाएँ तथा उनके सपनों की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर अभिनव बालमन के संपादक निश्चल ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संयोजक लखन रहे। आयोजन में ज्ञानी गुरजीत सिंह, निलोज सिंह, गुरुदेव सिंह, अमीर सिंह, कोमल लता, अमरजीत कौर तथा पल्लव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपनी भावनाओं और विचारों को कला के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में बच्चों की सहभागिता और उत्साह ने आयोजन को सफल एवं यादगार बना दिया।

**बैठक** — व्यापारियों की एकजुटता ही रोकेगी उत्पीड़न

# युवा व्यापारी दुकानों से उठकर व्यापारी आंदोलनों में बढ़ाएं हिस्सेदारी: प्रदीप गंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र. अलीगढ़ की आवश्यक बैठक रसलगंज स्थित युवा महानगर महामंत्री नईम कुरैशी के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्षेत्रीय व्यापारियों ने नवागत महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह व युवा महानगर अध्यक्ष हेमंत गर्ग का माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।बैठक के मुख्य बिंदुः प्रदीप गंगा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष*: व्यापारियों को सर्वोपरि रखते हुए हर स्तर पर सम्मान दिलाना व्यापार मंडल का सर्वप्रथम कर्तव्य है। पद लेना आसान है, व्यापारी वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतरना मुश्किल है। हमें जात-पात व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समर्पित भाव से व्यापारी हितों के लिए काम करना है। जहां भी शोषण-उत्पीड़न हो, लोकतांत्रिक तरीके से




विरोध कर आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचानी होगी। तभी व्यापारी समाज की रक्षा संभव है।आलोक प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्षः महानगर में क्षेत्रीय इकाइयों का गठन कर व्यापार मंडल को और मजबूत बनाने का कार्य जोरों पर चल रहा है।. हेमंत गर्ग, युवा महानगर अध्यक्षः युवा इकाई अतिशीघ्र भारी संख्या में युवा व्यापारियों को जोड़कर वृहद कार्यकारिणी का गठन करेगी। कब हरिकिशन अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्रीः "जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है।" आज युवा व्यापारियों को अपनी दुकानों से उठकर व्यापारी आंदोलनों को धार देने की महती आवश्यकता है। अगर हम अभी एकजुट नहीं हुए तो सरकारें इसी प्रकार उत्पीड़न कराती रहेंगी। व्यापारी समाज की रक्षा के लिए आगे बढ़कर एकजुट होना पड़ेगा।बैठक में युवा नगर महामंत्री अमित शर्मा, नईम कुरैशी, संयुक्त महामंत्री आशु खान, दिनेश अग्रवाल, हैदर इसरार, फैजल, समीर, मुजाहिद पसंद, नादान रेहान, इसरार समीर, आहट सानू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त अभियान: निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**मैरिनों इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यम के अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान के मंगलवार जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह की अध्यक्षता में मेरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, दिल्ली रोड, हापुड़ में निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य




जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, संभावित मरीजों की समय रहते पहचान करना तथा टीबी उन्मूलन के लिए समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। शिविर में उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि टीबी हारेगा,देश जीतेगा के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। समय पर जांच और पूर्ण उपचार से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। लोगों से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, वजन कम होना, बुखार या रात में पसीना आने जैसी समस्याएं हों तो तुरंत टीबी की जांच कराएं।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्साकर्मियों, मेरिनो इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की और टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेरिनो इंडस्ट्री लिमिटेड के जनरल मैनेजर रामेन्द्र सिंह,टी 0आर 0शर्मा,डॉ प्रहलाद सहाय अग्रवाल,डॉ दिनेश अग्रवाल,विनोद वर्मा,यासीन अली, बृजेश खन्ना,एक्सरे तकनीशियन अजहर,एच आर से सौरभ निगम आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक ने यात्रियों को कुचला,दो की मौत,7 गंभीर रूप से घायल, राष्ट्रीय राजमार्ग 335ए के थाना देहात क्षेत्र में की घटना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार की सुबह जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रोला ने डिवाइडर के पास खड़े बस के यात्रियों को कुचल दिया। इस हादसे में एक मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना

- तीन गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेरठ रेफर किया
- पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया

मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद राजमार्ग पर जाम लग गया।



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह सोहराब गेट डिपो की एक रोडवेज बस यात्रियों को लेकर गोंडा से दिल्ली जा रही थी। जैसे ही बस हापुड़ देहात क्षेत्र में सोना पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर पहुँची,अचानक उसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। बस चालक ने गाड़ी रोक दी और सभी यात्री दूसरी बस में सवार होने के लिए नीचे उतरकर डिवाइडर के पास खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रोला ने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर के पास खड़े यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रोला का चालक सहित सात लोग घायल हो गये,और बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गयी। घटना के बाद हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराई।

थाना हापुड़ प्रभारी पारस मलिक ने बताया कि हादसे में हसनापुर थाना महोली जनपद सीतापुर निवासी जयकरण का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। चेना थाना रामकोट जिला सीतापुर निवासी अरुणा अवस्थी,बरगामा थाना पिसावा जनपद सीतापुर निवासी कांति को मेरठ रैफर कर दिया। बिछवा थाना बिछवा जनपद सीतापुर निवासी दीप्ति का सीएचसी में उपचार चल रहा है। सेक्टर 30 नोएडा निवासी कंचन को मेरठ मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। बरगामा थाना पिसावा जनपद सीतापुर निवासी मीरा की इलाज के दौरान सीएचसी हापुड़ में मृत्यु हो गई। जबकि बरगामा थाना पिसावा जनपद सीतापुर निवासी नायरा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी टेंशन में...शिक्षकों द्वारा दिया गया होली-डे होमवर्क नहीं हुआ पूरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद अब स्कूल कालेज खुलने में मात्र एक दिन का समय शेष रह गया है। जिसे देखते हुए बच्चे होलीडे होम वर्क पूरा करने में जुट गये है। होमवर्क

- होम वर्क पूरा करने के लिए खोजे जा रहे रास्ते
- स्कूल कालेज खुलने में मात्र एक दिन का समय शेष

कठिन होने से बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी टेंशन में दिखाई दे रहे है। वह होम वर्क पूरा करने के लिए रास्ते खोज रहे है।

आपको बता दें कि अब धीरे धीरे जून माह अपनी समाप्ति की ओर अग्रसर है। और स्कूल खुलने में अब एक का समय शेष है। जिसे देखते हुए बच्चों के साथ अभिभावकों के दिलों की धड़कने भी तेज होने लगी है।





जिसका प्रमुख कारण अध्यापकों द्वारा बच्चों को दिया गया होलीडे होमवर्क है। जिसे छुट्टियां समाप्त होने से पूर्व ही बच्चों को पूरा करना है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश बच्चों ने अपना समय समर कैंपों और अपनी नाना नानी,मामा व तीर्थ स्थलों एवं हिल स्टेशनों पर बीता दिया। इस दौरान बच्चों ने होम वर्क करने की चिन्ता बिल्कुल नहीं की। स्कूलों में छुट्टी होने से पूर्व ही अध्यापकों द्वारा बच्चों को होलीडे होमवर्क दे दिया जाता है। जिससे बच्चों का पढ़ाई का क्रम टूटे नहीं। छात्रा निधि,मानसी सैनी, दक्ष, मोक्ष, तनमय सैनी, शगुन, मान्या सैनी ने बताया कि उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश मौज मस्ती में काट दिया। अब उन्हें होमवर्क पूरा करने की चिन्ता सता रही है। जिस कारण उनके अभिभावक भी परेशान दिखाई दे रहे है। अपने बच्चे को होमवर्क पूरा कराने के लिए अभिभावक बच्चे के साथ देर शाम तक लगे रहते है। लेकिन स्कूलों के खुलने में एक दिन का समय शेष रहने के कारण वह भी चिन्ता में दिखाई दे रहे है। साथ ही जिन बच्चों ने होमवर्क पूरा कर लिया है। वह बच्चे और उनके अभिभावक टेंशन मुक्त है।

# एआरटीओ शहर में ऑटो व ई-रिक्शा के रूट निर्धारित करें: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने गत माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं,मृत्यु एवं घायलों के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए पुलिस एवं परिवहन विभाग को ब्लैक स्पॉट जहां बार-बार

**जिले में सड़कों के गड्ढ़े सात दिन में भरे जायें**

दुर्घटना होती है का चिन्हीकरण कर,15 दिन में सुधारात्मक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ओवर स्पीडिंग,शराब पीकर वाहन चलाना,बिना हेलमेट/सीटबेल्ट,गलत दिशा में वाहन चलाने एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। स्कूल वाहनों की फिटनेस एवं चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई एवं नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी सड़कों पर संकेतक बोर्ड,रम्बल स्ट्रिप रैंप, कैट आई, क्रैश बैरियर एवं सोलर ब्लिंकर लगाए जाएं। सड़कों के गड्ढे 7 दिन में भरें। अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ खाली कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि गोल्डन आवर में घायलों को तत्काल इलाज मिले। सभी एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर एवं सीएचसी, पीएचसी पर जीवनरक्षक दवाएं 24&7 उपलब्ध रहें।

डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में ऑटो/ई-रिक्शा के रूट निर्धारित करें। बिना परमिट,बिना लाइसेंस एवं नाबालिग चालकों के विरुद्ध कार्रवाई हो। सभी व्यावसायिक वाहनों पर स्पीड गवर्नर एवं जी पी एस लगवाना सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग को सभी दुर्घटनाओं की एंट्री आईआरएडी पोर्टल पर तत्काल करने के निर्देश दिए ताकि कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर निवारण हो सके। सड़क सुरक्षा सबकी साझा जिम्मेदारी है।

# नगर पालिका परिषद व पीडब्लडी अतिक्रमण हटवाये:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा की अध्यक्षता में जिला व्यापार एवं उद्योग बंधु समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों, उद्यमियों एवं विभागीय

**अधिकारी औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की समस्या 15 दिन में दूर करें**

अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने गत बैठक में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निस्तारण सात दिन में कराकर आख्या प्रस्तुत करें।

अनावश्यक प्रकरणों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।




व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने,बीट पुलिसिंग में सहयोग एवं संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की। जिलाधिकारी कविता मीना नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों व बाजारों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई एवं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की समस्या 15 दिन में दूर करने को कहा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से जनपद में व्यापार सुगमता बढ़ाने हेतु सुझाव लिए गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार,सदर एसडीएम इला प्रकाश,उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह,उद्यमी व व्यापारीगण मौजूद रहे।

# जल निगम के अधिकारी फील्ड में उतरकर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखें: कविता मीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने कार्यालय में जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत

- जनपद में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट न हो,कोई भी ग्राम,मजरा पेयजल योजना से वंचित न रहे
- शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण करें

जल निगम द्वारा संचालित पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी कविता मीना ने जल



जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य मिशन मोड में पूर्ण करें। कोई भी ग्राम/मजरा पेयजल योजना से वंचित न रहे। उन्होंने सभी निमार्णाधीन ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन, पंप हाउस एवं सोलर प्लांट का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्य की गुणवत्ता का थर्ड पार्टी निरीक्षण अनिवार्य है। घटिया सामग्री मिलने पर ठेकेदार व जे0ई0/ए 0ई0 के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण हो चुका है,उन्हें ग्राम पंचायत को तत्काल हैंडओवर कर संचालन शुरू कराया जाए। जलापूर्ति नियमित हो और पानी की जांच एफटीके किट से हर माह की जाए। ऑपरेटर की तैनाती एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट न हो। हैंडपंप रिबोर,टैंकर व्यवस्था एवं खराब नलकूपों को तत्काल ठीक कराएं। शुद्ध पेयजल हर नागरिक का अधिकार है। जल निगम के अधिकारी फील्ड में उतरकर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखें। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

**पदार्फाश** — **धौलाना पुलिस ने दबोचे छह शातिर चोर, चोरी की चार बाइक बरामद**

# डिमांड पर मनपसंद वाहन उपलब्ध कराने वाले चोर गैंग का पर्दाफाश

बुलन्द संदेश बयूरो

**धौलाना।** धौलाना थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए डिमांड मांग






पूरी करने वाले वाहन चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गैंग का पर्दाफाश करने का दावा किया है। थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान छह शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ मुनीश चन्द्र ने बताया कि चल रहे अभियान के तहत धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के नेतृत्व में यह सफलता मिली। 23 जून की रात यूपीएसआईडीसी क्षेत्र स्थित स्क्रैप फैक्ट्री के पास रावली पुल पर घेराबंदी कर पुलिस टीम ने छह बदमाशों को दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुष्पेन्द्र, अभिषेक, वाहिद (निवासी शरीफपुर भैंसरोली, बुलंदशहर), आदिल, आस मोहम्मद तथा शादाब (निवासी हापुड़) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से ऑन डिमांड मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें कम कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाने की बात स्वीकार की। बरामद चार मोटरसाइकिलों में एक बाइक थाना धौलाना में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमे से संबंधित है। पुलिस के अनुसार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और इनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# राजश्री फिल्म प्रोडक्शन द्वारा सम्मान,दिल्ली में सम्मानित हुए धौलाना की 1857 क्रांति नायक अमर शहीद ठाकुर दुर्गा सिंह के वंशज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** राजश्री फिल्म प्रोडक्शन एंड अकादमी के द्वारा आयोजित भारत मानव सेवा संगठन के तत्वाधान दिल्ली में आयोजित दादा साहब




फाल्के भारत गौरव सम्मान से धौलाना के क्रांतिवीर वंशजों को सम्मानित किया। संस्था की डायरेक्टर राजश्री वर्मा के मुताबिक कार्यक्रम में धौलाना के क्रांतिवीर अमर शहीद ठाकुर दुर्गा सिंह गहलोत के वंशज विजय शिशोदिया, बहन मिथलेश शिशोदिया और चंद्रमुखी राणा को दादा साहब फाल्के भारत गौरव सम्मान अवार्ड 2027 का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ये उन वीर शहीदों के वंशज है जिनके त्याग बलिदान के कारण ही आज समूचा राष्ट्र आजादी की सांस ले रहा है । ऐसे वीर परिवार के दर्शन मात्र से ही वे भी स्वयं इतिहास का हिस्सा महसूस कर गोरविंत महसूस कर रही है । धन्य है धौलाना की धरा जहां दुर्गा सिंह जैसे वीर पैदा हुए । उन्होंने कहा कि वे उस पावन धरा को नमन करने एक बार जरूर पहुंचूंगी । वही ठाकुर दुर्गा सिंह के वंशज विजय शिशोदिया ने सभी को वीर भूमि धौलाना आने का निमंत्रण दिया । इस मौके पर संस्था के संस्था पदाधिकारियों ने धौलाना के वीर वंशजों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**वंशज विजय शिशोदिया ओर मिथलेश शिशोदिया का हुआ सम्मान**

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम MOHAMMAD MOHSIN से बदलकर MOHD MOHSIN कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD MOHSIN से जाना व पहचाना जाए।

**प्रार्थीः मौ मोहसिन पुत्र रिजवनुलहसन**
**निवासीः 1068 काली मस्जिद के पास काजीवाड़ा हापुड़, जनपद हापुड़**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बना इंडिया गठबंधन आज उद्देश्यहीन नजर आता है। आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहराने के बजाय उसमें आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना बढ़ी है।

इंडिया एलायंस की बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे ने पूछा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) जैसी ऑनलाइन परिघटना क्यों लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं कर पाया है? क्या इसलिए कि क्या लोगों का "हम में" भरोसा नहीं रहा? इकट्ठा हुए 23 विपक्षी दलों के नेता इस सवाल पर गंभीरता से आत्म-निरीक्षण करते, तो लंबे अंतराल के बाद हुई गठबंधन की बैठक किसी अधिक सार्थक नतीजे पर पहुंच पाती। हकीकत यही है कि सर्व-सत्तावान होती गई भाजपा का मुकाबला करने के लिए तीन साल पहले बना ये गठबंधन आज उद्देश्यहीन हो गया नजर आता है।

गुजरे वक्त के साथ आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहरी होने के बजाय गठबंधन में आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना ज्यादा फैली हुई है। क्षेत्रीय दलों में कांग्रेस के व्यवहार को लेकर नाराजगी बढ़ी है और उसकी मंशा पर संदेह गहराया है। सोमवार की बैठक से ठीक पहले सीपीएम महासचिव एम.ए. बेबी ने सभी घटक दलों को पत्र लिखकर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ राहुल गांधी की आक्रामक भाषा पर अपनी नाराजगी जताई। उसके पहले तमिलनाडु में कांग्रेस के 'विश्वासघातइ से 'आहतइ डीएमके बैठक के बहिष्कार का एलान कर चुका था। उससे भी पहले कांग्रेस से नाराजगी के कारण आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से हटने का फैसला ले चुकी थी।

सीजेपी परिघटना पर कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया हैंडल्स ने जिस तरह आक्रमण किया, उससे भी कई विपक्षी दल हैरत में पड़े। बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी दलों को सिविल सोसायटी के आंदोलनों की आलोचना करने के बजाय उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। जाहिरा तौर पर इस टिप्पणी का उपरोक्त संदर्भ ही था। तीन साल पहले गठबंधन की एक कमी यह बताई गई थी कि उसके पास ठोस नीति एवं कार्यक्रम एवं कार्यक्रम का अभाव है। अब जबकि दलों के बीच का मन-मुटाव जग-जाहिर है, तो वो मुद्दा पृष्ठभूमि में चला गया है। उनका आपसी अविश्वास मुख्य मुद्दा बन गया है। इस माहौल के कारण ही गठबंधन ने जो पांच सूत्री फैसले लिए, उन्हें महज खानापूरी समझा गया है।




# सिनेमा के माध्यम से बदलती दुनिया का सृजनात्मक दस्तावेज



विनोद कुमार सिंह

मुम्बई में आयोजित 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य समापन केवल एक फिल्म समारोह का अंत नहीं,बल्कि सिनेमा की उस वैश्विक यात्रा का उत्सव था जो सभी सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे मानव अनुभवों को जोड़ती है। इस फिल्म समारोह में वृत्तचित्र,लघु कथा और एनीमेशन फिल्मों को समर्पित यह प्रतिष्ठित महोत्सव एक बार फिर सिद्ध कर गया कि गैर-फीचर सिनेमा समाज के बदलते यथार्थ का सबसे सशक्त दस्तावेज है।समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा थे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में एम आई एफ एफ एक राष्ट्रीय आयोजन से विकसित होकर वैश्विक रचनात्मक आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए 'WAVES' शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि "Create in India, Create for the World" आज भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का नया मंत्र बन चुका है।राज्यपाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग और फिल्मकारों की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा पर भी विशेष बल दिया।इस वर्ष एम आई एफ एफ को दुनिया भर से1459 फिल्मों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं,जो इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का प्रमाण है।प्रतियोगिता खंड में13 देशों की144 फिल्मों का चयन किया गया,जबकि गैर- प्रतियोगिता खंड में 46 देशों की 202 फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। कुल मिलाकर 83 घंटे से अधिक की स्क्रीनिंग और 24 विशेष क्यूरेटेड श्रेणियों ने महोत्सव को विश्व स्तरीय आयाम प्रदान किया।

पुरस्कारों की दृष्टि से एम आई एफ एफ-2026 अनेक यादगार उपलब्धियों का साक्षी बना।अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फिल्म का प्रतिष्ठित गोल्डन कॉन्च पुरस्कार पोलैंड की फिल्म सिल्वर को प्रदान किया गया।निर्देशक नतालिया कोनियार्ज और निमार्ता मैचेज कुबिकी की इस फिल्म ने मानवीय संवेदनाओं और यथार्थपरक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। अंतरराष्ट्रीय लघु कथा फिल्म श्रेणी में ईरान की अंडर द स्नो को सिल्वर कॉन्च से सम्मानित किया गया,जबकि जर्मनी की एनीमेशन फिल्म ह्यमायाज सॉन्ग ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन फिल्म का पुरस्कार प्राप्त किया। इन फिल्मों ने यह सिद्ध किया कि सीमित अवधि में भी गहरे मानवीय अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है। भारतीय फिल्मों ने भी अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।तमिल एनीमेशन फिल्म आर्मस्ट्रॉन्ग फ्रॉम अंगालम्मन टेम्पल स्ट्रीट को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन फिल्म का सिल्वर कॉन्च मिला। एफटीआईआई निर्मित लघु कथा फिल्म स्मॉल क्लाउड्स ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय लघु कथा फिल्म का सम्मान प्राप्त किया,जबकि निर्देशक साईनाथ एस.उस्काइकर की वृत्तचित्र फिल्म वाआई को










सर्वश्रेष्ठ भारतीय वृत्तचित्र फिल्म का पुरस्कार मिला।तकनीकी श्रेणियों में भी भारतीय प्रतिभाओं का दबदबा दिखाई दिया। टर्टल वॉकर के लिए कृष्ण माखीजा को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटो ग्राफर का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिला। देवा आज पन व्हाय के लिए अभय रुमडे को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन का सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय श्रेणी में रणधीर बिस्वास को स्मॉल क्लाउड्स के लिए सिनेमेटोग्राफी तथा अखिल कृष्णन को मे-डे के लिए संपादन पुरस्कार मिला। विशेष पुरस्कारों में ताइवान की फिल्म द होर्डर्स को प्रमोद पाटी विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समीक्षकसंघ (एफआईपीआरईएससी आई)का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदीप केंचनुरु की फिल्म ह्यद हग ऑफ एम्प्टिनेस को मिला।छात्र वर्ग में मिलन कुमार की फिल्म द ओल्ड बुल नोज,ऑर वन्स न्यू को सम्मानित किया गया,जबकि दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक पुरस्कार पूजा टोलानी को उनकी फिल्म राजा के लिए दिया गया। एम आई एफ एफ 2026 की एक विशेष उपलब्धि इसकी विषयगत विविधता रही।

पर्यावरण, सामाजिक न्याय,लैंगिक समानता, सांस्कृतिक विरासत, आदिवासी जीवन,मानवीय संघर्ष और बदलती तकनीकी दुनिया जैसे विषयों पर आधारित फिल्मों ने दर्शकों को गंभीर चिंतन का अवसर प्रदान किया। इस वर्ष Echoes from North East' और 'मराठी फिल्मस जैसी नई श्रेणियों को शामिल कर क्षेत्रीय कथाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया गया। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम(एन एफ डी सी)के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदूम ने सही कहा कि सबसे प्रभावशाली सत्य हमेशा सबसे बड़े पर्दों पर नहीं,बल्कि सबसे ईमानदार फ्रेमों में दिखाई देते हैं। यही एम आई एफ एफ की मूल आत्मा भी है।वृत्तचित्र,लघु कथा और एनीमेशन फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं,बल्कि समाज को स्वयं से संवाद करने का अवसर देती हैं।

आज जब व्यावसायिक सिनेमा अक्सर बाजार की अपेक्षाओं से संचालित होता है,तब एम आई एफ एफ जैसे मंच सिनेमा की बौद्धिक और सामाजिक भूमिका को जीवित रखते हैं।यह महोत्सव बताता है कि कैमरा केवल दृश्य रिकॉर्ड नहीं करता,वह इतिहास को संरक्षित करता है,प्रश्न पूछता है,संवेदनाएँ जगाता है और परिवर्तन की चेतना को जन्म देता है।एम आई एफ एफ-2026 का परदा भले ही गिर गया हो,लेकिन इसकी फिल्मों में उठाए गए प्रश्न, प्रस्तुत किए गए विचार और रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ लंबे समय तक दर्शकों के मन-मस्तिष्क में जीवित रहेंगी।

यही किसी भी महान फिल्म महोत्सव की सबसे बड़ी सफलता होती है।अब सिनेमा प्रेमियों की निगाहें अगले अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले एम आई एफ एफ के अगले संस्करण पर टिक गई हैं,जहाँ दुनिया भर के कहानी कार फिर एक बार अपनी संवेदनाओं और सपनों के

## पिता : नीम का पेड़

हम कच्चे से हैं घड़े, पिता कुशल कुम्हार।
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥
सिर पर छाया बन खड़े, बने नीम का पेड़।
कड़वे लगते हैं मगर, जीवन की हैं मेड़॥
धूप भले कितनी पड़े, झेलें हर आघात।
संतानों की राह में, बन जाते सौगात॥
घर-आँगन की शान हैं, खुशियों के भंडार।
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥

पाई-पाई जोड़कर, करते दिन-भर काम।
संतानों के हित लिए, भूलें अपना नाम॥
अपने सपनों को रखे, देकर सदा विराम।
बच्चों के उज्ज्वल भवित, करते रहे प्रणाम॥
पिता खड़े हर मोड़ पर, बनकर पहरेदार॥
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥
पापा ही अभिमान हैं, पापा ही संसार।
पर्वत जैसे अडिग हैं, देते दृढ़ आधार॥
गिरने से पहले सदा, थामें अपनी बाँह।
उनके कारण ही मिली, जीवन को हर राह॥
उनके जैसा कौन है, इस जग में हितकार॥
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥

मन में सागर-सी व्यथा, मुख पर गहरी धीर।
माँ-सा कोमल प्रेम है, किंतु अलग तस्वीर॥
दर्द छिपाकर हँस दिए, सहकर हर संताप।
अपने हिस्से रख लिए, जीवन के अभिशाप॥
सपनों को साकार कर, करते बेड़ा पार।
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥
पिता ऋणों की थाह को, पाया किसने जान।
चुप हो आँसू पी गए, करके सब बलिदान॥
सौरभ उनके त्याग का, नहीं कहीं प्रतिदान।
नीम सरीखे हैं पिता, धरती का वरदान॥
पिता हमारे साथ हों, क्या डर क्या मझधार॥
ठोक-पीटकर प्रेम से, देते सही आकार॥

रौनक, शोहरत, मान सब, इनसे ही पहचान।
साहस, शक्ति, हौसला, पिता हमारी शान॥

डॉ. सत्यवान सौरभ

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रतिभा केंद्र और उज्ज्वल भविष्य की नई शक्ति

इक्कीसवीं सदी में यदि किसी देश ने अपनी प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को प्रभावित किया है तो वह भारत है। कभी ऐसा समय था जब देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक इंजीनियर शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ बेहतर अवसरों की तलाश में विदेशों की ओर जाते थे। उस दौर में इसे ब्रेन ड्रेन कहा जाता था और चिंता जताई जाती थी कि देश की सबसे मूल्यवान संपत्ति विदेशों की प्रगति में योगदान दे रही है। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। भारत अब केवल प्रतिभा देने वाला देश नहीं रहा बल्कि प्रतिभाओं को वापस आकर्षित करने वाला विश्व का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। आज दुनिया के विकसित देशों में भारतीय प्रतिभा की धाक है। अमेरिका ब्रिटेन कनाडा ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों की बड़ी कंपनियों में भारतीय पेशेवर नेतृत्वकारी भूमिकाओं में कार्य कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विज्ञान इंजीनियरिंग चिकित्सा और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारतीय विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट हब कहा जा रहा है। हाल के वर्षों में एक नई और उत्साहजनक प्रवृत्ति देखने को मिली है। बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर विदेशों से वापस अपने देश लौट रहे हैं। वे केवल नौकरी करने नहीं आ रहे बल्कि भारत में अवसरों का नया संसार खड़ा कर रहे हैं। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में एक लाख बत्तीस हजार से अधिक उच्च कौशल वाले भारतीय पेशेवर अपने देश लौटे। यह संख्या इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल सपनों का देश नहीं बल्कि सपनों को साकार करने का सबसे उपयुक्त स्थान बनता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लौटने वाले भारतीय युवा उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जो भविष्य की दिशा तय करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता डीप टेक सेमीकंडक्टर एयरोस्पेस क्लाइमेट टेक और उन्नत अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारतीय विशेषज्ञ नई कंपनियां स्थापित कर रहे हैं। वे रिसर्च लैब बना रहे हैं नई तकनीक विकसित कर रहे हैं और दुनिया की चुनौतियों के समाधान खोज रहे हैं। यह केवल आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी पुनर्जागरण का संकेत है। दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों की संख्या सीमित है लेकिन उनमें भारतीयों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत एआई प्रतिभा उपलब्ध कराने वाले देशों में सबसे आगे है। भारतीय इंजीनियर और वैज्ञानिक वैश्विक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके हैं। आज दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां भारतीय प्रतिभा के बिना अपनी कल्पना भी नहीं कर सकतीं। यह स्थिति भारत की शिक्षा व्यवस्था मेहनतकश युवाओं और ज्ञान आधारित संस्कृति की सफलता को दशार्ती है।

भारत की बढ़ती ताकत का एक कारण उसका विशाल युवा वर्ग भी है। देश की बड़ी आबादी युवा है और यह युवा वर्ग नई तकनीकों को तेजी से अपनाने की क्षमता रखता है। भारतीय युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहते बल्कि वे रोजगार देने वाले बनना चाहते हैं। स्टार्टअप संस्कृति ने इस सोच को नई दिशा दी है। देश में दो लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनमें से अनेक वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। यह उपलब्धि दशार्ती है कि भारत में नवाचार और उद्यमिता का वातावरण तेजी से मजबूत हो रहा है।

-कांतिलाल मांडोत

# राष्ट्र चिंतन: छोटे दलों की शामत आयी क्यों?



आचार्य श्रीहरि

छोटे दलों की शामत आयी क्यों? इनके सांसद, विधायक भाग क्यों रहे हैं? शुरू करते हैं ममता बनर्जी की राजनीतिक दुर्गति से, थोड़े समय पहले तक राजनीति में उसकी तूती बोलती थी, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि न्यायापालिका तक को धत्ता बता देती थी, सरकारी और न्यायपालिका के प्रोटोकॉल को भी लात मार देती थी, सीबीआई और ईडी के अधिकारियों को भी बंधक बना देती थी , इनसे लूटकर भ्रष्टाचार, कदाचार के कागजात ले जाती थी। जैसे ही ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल में हार हुई, सत्ता हाथ से बाहर हुई वैसे ही ममता बनर्जी की स्थिति राजनीतिक तौर पर मरणासन्न की तरह हो गई, उस बूढ़ी शेरनी की तरह ही हो गई जो भूख प्यास के कारण शारीरिक तौर पर जर्जर,असहाय होकर शिकार करने में असमर्थ हो जाती है, जिनके पंजो में शिकार करने की शक्ति ही नहीं रही, उनकी पार्टी टूट गई, बीजेपी की गोद में ममता बनर्जी के सांसद और विधायक बैठ कर खेलने लगे। कल ममता बनर्जी का चुनाव चिन्ह सुरक्षित रहेगा या नहीं, यह चुनाव आयोग की मर्जी पर निर्भर है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी मदद के बदले टीएमसी को कांग्रेस में विलय करने का अपमान जनक फरमान सुना देते हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी पहले ही टूट चुकी थी, असली शिवसेना एकनाथ शिंदे के पास थी, अब फिर से शिवसेना उद्धव गुट में टूट हो रही है, उसके छः सांसद बागी हो गए, बीजेपी में शामिल होने के लिए तैयार थे लेकिन बीजेपी ने रणनीति गत इन्हें शामिल नहीं कराया और शिंदे गुट में शामिल होने के लिए कह दिया। अब उद्धव ठाकरे कह रहे हैं कि उनसे गलती हुई है, उन्होंने गलत लोगों को टिकट दिया और गलत लोगों को सांसद बनाया, हम फिर से जनता के बीच जाएंगे और बीजेपी के साथ ही साथ गद्दार सांसदों को बेनकाब करेंगे, उन्हें जनता से सजा दिलाएंगे। पर तत्काल यह अवसर प्राप्त होने वाला नहीं है, क्योंकि तकनीकी तौर इन सभी की सदस्यता बची रहेगी, क्योंकि दो तिहाई बहुमत की अनिवार्यता इनके पास है, सबसे बड़ी बात यह है कि लोकसभा अध्यक्ष की भी कृपा इनके साथ रहेगी। इधर अखिलेश यादव और उनकी पार्टी को लेकर भी बुरी खबर आई और आशंका व्यक्त की गई कि अखिलेश यादव की पार्टी टूटने वाली है उसके दो तिहाई सांसद बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। लेकिन बीजेपी कोई जल्दीबाजी में नहीं है, उत्तर प्रदेश में उसे इसकी जरूरत तत्काल है नहीं। अगर महिला आरक्षण विधेयक बीजेपी फिर से पास कराने की नीति अपनायेगी तो फिर अखिलेश यादव की पार्टी को तोड़ने पर बीजेपी विचार कर सकती है, जिसमें बीजेपी को सफलता भी मिल सकती है। अरविन्द केजरीवाल के आधा दर्जन सांसद बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। द्रमुक और बीजेपी में भी नजदीकियां बढ़ रही है, द्रमुक अब अपनी हैसियत और अस्तित्व बचाने के लिए बीजेपी की ओर देख रही है। जोसेफ विजय की बाज दृष्टि से बचने के लिए स्टालिन को बीजेपी का सहारा चाहिए। झारखण्ड में बीजेपी ने समर्थन बल नहीं होने के बाद भी करिश्मा कर दिखाया, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर बीजेपी ने राज्यसभा चुनावों में अपने समर्थित उम्मीदवार को जीता लिया। भारतीय राजनीति की यह बगावत, टूट फूट, और विश्वासघात को किस दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए? क्या इसके लिए सिर्फ बीजेपी और नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार माना जाना चाहिए? क्या बीजेपी अपने विशाल स्वीकार्यता की शक्ति का दुरुपयोग कर रही है, क्या नरेन्द मोदी अपनी केंद्रीय सरकार की शक्ति को एक हथकंडा के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या सही में बीजेपी दूसरे दलों के सांसदों और विधायकों को तोड़ने फोड़ने के लिए करोड़ों और अरबो रुपये खर्च कर रही है? क्या बीजेपी छोटे दलों के सांसदों और विधायकों को तोड़ने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है, सीबीआई और ईडी के डर से विपक्षी पार्टियां के लोग बीजेपी में शामिल होने के लिए बाध्य हैं? क्या चुनाव आयोग और कोर्ट भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संरक्षण दे रहे हैं? क्या विपक्षी पार्टियां की आंतरिक स्थिति इसके पीछे खलनायकी भूमिका नहीं निभाती है? क्या विपक्षी पार्टियां की अराजकता और निरंकुशता इसके लिए जिम्मेदार नहीं है? क्या छोटे दलों के अंदर नैतिकता हीन उम्मीदवार चयन प्रक्रिया दोषी नहीं है? पैसे लेकर टिकट बाटो, बेचो की परिपाटी जिम्मेदार नहीं है? क्या हम यह मान ले कि भारतीय राजनीति से अब शुचिता और नैतिकता का पतन हो चुका है, लोकतंत्र की आत्मा मर चुकी है, अब भारतीय राजनीति सेवा कर्म का नहीं बल्कि पैसा कमाओ का जरिया और प्रतीक बन गई है। राजनीति ह्रास की ओर लुढ़क रही है, घोर पतन की ओर जा रही है, गिरने की सारी हदे पार कर रही है, जीत के लिए शुचिता और नैतिकता के सारे मापदंड तोड़े जा रहे हैं, जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावते सच हो रही है। सभी पार्टियां इस रंग में रंगी हुई है, देश की दो बड़ी पार्टियां बीजेपी और कांग्रेस इससे अक्षुति भी नहीं है । पर छोटे दलों में यह स्थिति बहुत ही खतरनाक और नाजुक है। भारत में तीन प्रकार की छोटी पार्टियां है। पहली वंशवादी, दूसरी जातिवादी और तीसरी क्षेत्रवादी पार्टियां है। अखिलेश यादव की सपा, मायावती की बसपा, लालू यादव का राजद जातिवादी तो फिर स्टालिन की द्रमुक, ममता बनर्जी की तृणमूल, अकाली दल क्षेत्रीय पार्टी है, ये वंशवादी भी है, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, द्रमुक,राजद आदि पार्टियों का प्रमुख होने की योग्यता सिर्फ वंशवादी होती है। वंशवादी आधार पर लालू का बेटा तेजस्वी यादव राजद का चीफ हो गया, यही कहानी अखिलेश यादव और स्टालिन आदि का है। ये सभी पार्टियां वन मेन शो की तरह काम करती है, जहाँ पर इन पार्टियों के चीफ का कथन ही मान्य होता है। चीफ के आदेश की अवहेलना की बात सोची तक नहीं जाती है। बोया पेड़ बबूल का तो आम कहा से होय? कुछ उदाहरण यहां प्रस्तुत है। प्रशांत किशोर पर मिलने के इच्छुक कार्यकताओं को पैसे देने होंगे जैसे कथित आरोप लगे थे। सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें आम थी। अभी

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – करियर में उन्नति का समय हैं, साइंस के छात्र पढ़ाई पर ध्यान दे, नौकरीपेशा जीवन साथी की प्राप्ति होगी, कुछ आदतें बदलनी होगी। भाग्य प्रतिशत-63

**वृषभ** – जीवनसाथी की परिवार से नहीं बनेगी, सीमेंट, कंस्ट्रक्शन, प्लॉट सम्बन्धी कार्य में व्यस्तता रहेगी, कोई रिश्तेदार निमंत्रण देगा तो जाना रद्द कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** – अतीत की बातें परेशान कर सकती हैं, मित्र के साथ किए व्यवसाय में मुश्किल आने लगेगी, गैस ज्यादा बनेगी, धार्मिक आस्था डगमगा सकती है। भाग्य प्रतिशत-48

**कर्क** – याददाश्त कमजोर हो सकती है, जीवन साथी की सलाह ऑर्डर लगेगी, विदेश या दूसरे शहर में रहना मुश्किल होगा, दिनचर्या गड़बड़ हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-49

**सिंह** – सरकारी टेंडर आदि भर सकते हैं, लाभ अर्जित करेंगे,प्रेम प्रसंग के कारण शिक्षा में भटकाव आ सकता है बचें,अस्थमा छाती के रोग सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** – परीक्षा की तैयारी अच्छे से नहीं कर पा रहे है, डिलिवरी, संगीत निर्माण, विज्ञापन बनाना, डिजिटल सेवा कार्य आदि अच्छे से करेंगे, किसी को जलन सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-58

**तुला** – ऑफिस, इन्टरनेट, पार्टी में किसी से आकर्षित होंगे, बातचीत हो सकती है, एक्शन फिल्म देख सकते हैं, काम में हड़बड़ी कर सकते हैं, एल्कोहल का सेवन करना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-58

**वृश्चिक** – रिश्ते में हावी रहेंगे, मॉडलिंग फिल्म के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, धन की प्राप्ति मध्यम होगी, किसी से बात बताते समय भावुक हो सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-53

**धनु** – धार्मिक यात्रा सुखद रहेगी, प्रार्थना करते समय भावुक भी रहेंगे, नया वाहन या मकान बनाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-59

**मकर** – बड़ा खर्चा हो सकता है, आर्थिक तंगी भी सम्भव हैं, दूसरे शहर में भाग्योदय होगा, फास्ट फूड का कार्य,अस्पताल में नौकरी, कारीगरी कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-56

**कुंभ** – कुछ परेशान से रहेंगे, कफ, गले में परेशानी बढ़ सकती है, पति को परिवार से प्रोपर्टी मिलने में परेशानी आ सकती है,अकेले लोग प्रेम में पड़ना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

**मीन** – आलस्य बढ़ सकता है, नव विवाहिता को घर में एडजस्ट होने में समस्या लगेगी, विदेश में पढ़ते हैं तो करियर की चिंता सताएगी, नींद में परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-49



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# शासन के आए आदेश के विरुद्ध काली पट्टी बांध सड़को पर उतरे अधिवक्ता, कस्बे के वशिष्ठ चौक पर मानव श्रृंखला बना जताया विरोध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना** मंगलवार को शासन द्वारा फ्रंट ऑफिस खुलवाकर ई रजिस्ट्री कराने के शासनादेश के विरुद्ध धौलाना बार एसोसिएशन धौलाना व बैनामा लेखक स्टांप विक्रेताओं के द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया । वही तहसील से लेकर पैदल मार्च करते हुए सभी वशिष्ठ चौक धौलाना पर पहुंचे । जहां मानव श्रृंखला बना अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों ने मानव श्रृंखला बना चौराहे पर प्रदर्शन किया । साथ ही मांगे नहीं माने जाने तक आर पार की लड़ाई का आह्वान किया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता और बैनामा लेखक मौजूद रहे।



परिचय । कस्बे के वशिष्ठ चौक पर मानव श्रृंखला बनाते अधिवक्तागण और बैनामा लेखक ।

# छात्राओं की सुरक्षा और गुणवत्ता शिक्षा होगी प्राथमिकता: डॉ वंदना शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मुल्तानी मल मोदी डिग्री कॉलेज की नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. वंदना शर्मा ने कहा है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित एवं भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और कौशल संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. वंदना शर्मा ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आईसीसी के माध्यम से संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का दायरा और अधिक विस्तृत किया जाएगा। इससे छात्राओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की कैंटीन से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लिया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कैंटीन के उन्नयन की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बैठने की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। डॉ वंदना शर्मा ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और छात्र हितों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो, जिससे संस्थान की शैक्षणिक पहचान और अधिक सुदृढ़ हो सके।



प्रेस वार्ता में गिन्नी देवी मोदी महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ पूनम शर्मा, पूर्व प्राचार्या एवं वरिष्ठ समाजसेविका डॉ रीता बख़्शी, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ आदि मौजूद थे।

# शिक्षकों ने सीखे नवाचार आधारित शिक्षण के तरीके

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों को आधुनिक और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षाओं को अधिक संवादात्मक और विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बनाना था। कार्यशाला का संचालन शिक्षाविद् हेमा मोंगा ने किया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक शिक्षण के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों, संवाद आधारित शिक्षा और व्यावहारिक उदाहरणों को शामिल कर विद्यार्थियों की समझ और सहभागिता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाने के लिए कई उपयोगी सुझाव भी दिए।







सत्र के दौरान शिक्षकों ने शिक्षण संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों का नियमित प्रशिक्षण आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक बताते हुए ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# या हुसैन की सदाओं के बीच निकला सातवीं मुहर्रम का अलम जुलूस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** मुहर्रम माह की सातवीं तारीख पर मंगलवार

**कर्बला के शहीदों को याद किया गया**

को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत और गम के माहौल के बीच अलम के जुलूस निकाले गए। जुलूसों में शामिल अकीदतमंदों की जुबां पर "या हुसैन" और "या अब्बास" की सदाएं गूंजती रहीं। हाथों में अलम लिए अलमदार कर्बला के शहीदों की याद में आगे बढ़ रहे थे, जबकि ढोल-नगाड़ों की थाप और मर्सिया ख्वानी ने माहौल को गमगीन बना दिया। सीनाजनी के दौरान कई अजादारों की आंखें नम हो गईं।





जुलूस मार्गों पर जगह-जगह सबीलों का आयोजन किया गया, जहां राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों को ठंडा पानी व शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने बढ़-चढ़कर खिदमत में हिस्सा लिया। नगर पालिका द्वारा जुलूस मार्गों और धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहर के मियां सराय से मुख्य अलम जुलूस शुरू हुआ, जो हातिम सराय, डूंगर सराय, पंजू सराय और बेगम सराय के अलमदारों को साथ लेकर परंपरागत मार्गों से होता हुआ चमन सराय इमामबाड़ा पहुंचा। यहां जगत, मंडी किशनदास सराय, नूरियों सराय, सैफ खां सराय, चौधरी सराय और नाला क्षेत्र के छोटे-छोटे जुलूस मुख्य जुलूस में शामिल हुए। इसके बाद जुलूस तहसील, सब्जी मंडी, कोट गर्वी होते हुए रेतला मैदान पहुंचा। वहीं महमूद खां सराय से निकला जुलूस दीपा सराय चौक, ठंडी कोठी चौराहा और तिमरदास सराय से गुजरते हुए अपने इमामबाड़ों पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन कर बैनामा लेखक संघ के धरने को समर्थन दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से उपराज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बृजेश सेन एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुनील शर्मा ने किया। ज्ञापन में कहा गया कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से बैनामा लेखकों, अधिवक्ताओं तथा उनसे जुड़े परिवारों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न होने की आशंका है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार इस निर्णय की पुनर्समीक्षा करते हुए प्रभावित वर्ग के हितों को ध्यान में रखे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बृजेश सेन ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में बैनामा लेखक और अधिवक्ता इस व्यवस्था से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से जनहित में निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। वहीं सुनील शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार के इस फैसले से संबंधित वर्गों के समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं की मांगों के समर्थन में उनके साथ खड़ी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी भी की। इस अवसर पर चांद वीर चौधरी, राकेश सोनी, डॉ. फरमान, अभिनव शर्मा, वकील अहमद, सुरेश दोसा, चतरे जाटव, पुष्पेंद्र दहिया, भिखारी लाल कश्यप, फकीरचंद कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों की परखी गई तैयारियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों ने पिलखुवा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया। हाल ही में अन्य शहरों में हुई अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए विभाग ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने भवनों में लगे अग्निशमन यंत्रों, आपातकालीन निकास द्वारों, विद्युत व्यवस्थाओं तथा आपदा प्रबंधन संबंधी इंतजामों की जांच की। साथ ही संस्थान संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि कोचिंग सेंटरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र आते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संचालकों को अग्निशमन उपकरणों को नियमित रूप से क्रियाशील रखने और निकास मार्गों को बाधामुक्त रखने के निर्देश दिए। विभाग ने भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रखने की बात कही।





# दो संदिग्ध युवकों को दबोचा, अवैध चाकू बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में की जा रही चेकिंग के दौरान दोनों युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुए।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू कश्यप और मौसीन के रूप में हुई है। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई और पूछताछ के बाद उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध हथियार रखने वालों और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बीमा अस्पताल में हुआ नई योग कक्षा का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान, मोदीनगर द्वारा ईएसआईसी अस्पताल परिसर में भव्य योग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया गया तथा बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए नई योग कक्षा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईएसआईसी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुश रहे। उनके द्वारा नई योग कक्षा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षकों ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुश ने कहा कि योग प्रत्येक आयु वर्ग के लिए लाभकारी है और नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय एवं खुशहाल जीवन जी सकता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ चंद्र शेखर सिंह ने उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग को प्रभावी माध्यम बताया, जबकि डॉ सविता ने महिलाओं के स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. सचिन ने योगिक आहार के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रधान एनके शर्मा, डॉ अनुपम कांत त्यागी, बीके गुप्ता, अशोक शर्मा, जीतेन्द्र दुग्गल, प्रमोद शर्मा, बलदेव शर्मा, मंजू गुप्ता, संगीता सिंघल, अमिता माहेश्वरी, इंदु, प्रतिभा चौहान, विकास गोयल, विपिन गुप्ता, धनेश त्यागी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



# अतिक्रमण हटाने के दौरान दरोगा से भिड़ा सब्जी विक्रेता पुलिस ने सिखाया सबक शान्ति भंग में चालान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलन्द है कि अब वे प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने और पुलिस व नगर पालिका की टीम से उलझने से भी पीछे नहीं हट रहे है ताजा मामला जहांगीराबाद चूंगी का है जहां अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान एक सब्जी विक्रेता न सिर्फ टीम के काम में बाधा बना बल्कि ड्यूटी पर तैनात दरोगा और पालिका कर्मचारियों से भी भिड़ गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और शान्ति भंग की धारा में उसका चालान कर दिया नाले के ऊपर कर रखा था पक्का कब्जा मिली जानकारी के



अनुसार नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम जहांगीराबाद चूंगी पर सड़क और नालों को जाम कर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुंची थी इसी दौरान टीम मौहल्ला कोट कला निवासी दीपक पुत्र इन्द्रजीत की दुकान के पास पहुंची दीपक ने नाले के ऊपर अवैध रूप से अपनी सब्जी की दुकान लगा रखी थी जिससे यातायात और जलभराव की समस्या पैदा हो रही थी दरोगा और पालिका कर्मियों से की बदसलूकी जैसे ही नगर पालिका के कर्मचारियों और पुलिस टीम ने नाले के ऊपर से अतिक्रमण हटाना शुरू किया सब्जी विक्रेता दीपक अचानक तैश में आ गया उसने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया देखते ही देखते युवक वहां तैनात दरोगा से सीधे भिड़

- **सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा दरोगा से नोकझोंक का वीडियो**
- **पूर्व में भी अभियान के दौरान हो चुकी हैं सरकारी टीम से झड़प की घटनाएं**

गया और तीखी नोकझोंक करने लगा बीच-बचाव करने आए नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ भी उसने जमकर अभद्रता की ?एक घंटे हवालात की हवा खिलाकर भेजा जेल ?युवक को कानून हाथ में लेता देख और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए भारी हंगामा बढ़ता देख पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया पुलिस उसे सरकारी जीप में बैठा कर सीधे कोतवाली ले आई कोतवाली ला कर आरोपी युवक को करीब एक घंटे तक हवालात की हवा खिलाई गई जिसके बाद पुलिस ने उसका शान्ति भंग में चालान कर दिया ?सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल ?दरोगा और सरकारी टीम से युवक की इस सरेआम भिड़ंत का वीडियो मौके पर मौजूद किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि जहांगीराबाद चूंगी से लेकर पैठ चौराहे तक जब भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलता है तो कोई न कोई दुकानदार पुलिस या नगर पालिका की टीम से उलझ पड़ता है इससे पूर्व में चलाए गए अभियानों के दौरान भी दुकानदारों द्वारा टीम से झगड़ा करने और सरकारी काम रुकवाने की घटनाएं सामने आ चुकी है प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि सरकारी काम में बाधा डालने और अतिक्रमण न हटाने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

**कावड़ यात्रा-2026 तैयारी** डीएम ने कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने को विभागवार अधिकारियों को निर्देश दिये

# कावड़ यात्रा आस्था एवं अनुशासन का प्रतीक है : डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना,पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा की अध्यक्षता में श्रावण माह में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा-2026 की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कावड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु विभागवार अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण मार्ग पर बैरिकेडिंग,सीसीटीवी,ड्रोन कैमरा एवं पर्याप्त पुलिस/पीएसी बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। नगर पालिका/नगर पंचायत एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि कावड़ मार्ग, शिविर स्थलों एवं घाटों पर नियमित साफ-सफाई, चूना छिड़काव, मोबाइल टॉयलेट एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। मार्ग में कहीं भी गड्ढे न रहें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि मार्ग में प्रत्येक 1 किमी पर शुद्ध पेयजल,ओआरएस घोल एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। सभी सी एच सी/पी एच सी व जिला अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं, एंटी-वेनम, एंटी-रेबीज एवं जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध रहें। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि कावड़ मार्ग पर लटकते/जर्जर तारों को तत्काल ठीक करें। विद्युत के सभी खंभों पर अस्थाई काली पॉलीथिन की टैपिंग करा दी जाए। कावड़ शिविरों में अस्थाई विद्युत कनेक्शन नियमानुसार दें। अग्निशमन विभाग प्रत्येक शिविर स्थल पर फायर टेंडर व उपकरणों के साथ तैनात रहे।



उन्होंने जिला अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा को निर्देश दिए कि कावड़ मार्ग पर स्थित होटल,ढाबा, फल एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं की सघन चेकिंग करें। रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर लगाने हेतु अनुमति संबंधित उप जिलाधिकारी से संबंध में बनाकर ले सकते हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि भारी वाहनों का रूट डायवर्जन प्रभावी ढंग से लागू कराना सुनिश्चित करें, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न ना हो। कावडि ?
ों के विश्राम के लिए सड़क मार्ग से हटकर पार्किंग स्थल चिन्हित करें। जिला स्तर पर एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित होगा जो 24 घंटे कार्य करेगा। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। अफवाह फैलाने वालों पर एन एस ए की कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने अपील कर कहा कि कावड़ यात्रा आस्था एवं अनुशासन का प्रतीक है। सभी कावड़िए यातायात नियमों का पालन करें,प्लास्टिक का प्रयोग न करें। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सब रजिस्ट्री के आगे बैठकर नारेबाजी करते हुए धरना व विरोध प्रदर्शन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**नौगांवा सादात/अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** मंगलवार को तहसील नौगांवा सादात मैं बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता तहसील प्रांगण में सब रजिस्ट्री कार्यालय पर जमा हुए ।उन्होंने सब रजिस्ट्री के आगे बैठकर नारेबाजी करते हुए धरना व विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं के इस धरने को नौगांवा सादात विधानसभा सपा सम्भावित प्रत्यासी पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौधरी गजरौला ने भी अधिवक्ताओं के साथ धरने पर बैठकर धरने कोसंबोधित किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौधरी गजरौला ने कहां सरकार डिजिटल रजिस्ट्री के द्वारा अधिवक्ताओं का रोजगार खत्म करने पर तुली है जो गलत है और यह फैसला जन विरोधी है ।

सरकार को अपने इस आदेश को वापस लेना चाहिए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने डिजिटल रजिस्ट्री व्यवस्था को जन विरोधी बताया और उसे तत्काल वापस लेने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेंद्र यादव ने कहा इस नई व्यवस्था से कई तकनीकी और व्यावसायिक दिक्कतें खड़ी होगी जिससे आम जनता और अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा उन्होंने चेतावनी देते हुए इस डिजिटल व्यवस्था को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पर जल्द से जल्द फैसला ले क्योंकि तहसील में रजिस्ट्री कार्य बाधित हो रहा है। इस अवसर पर कुलदीप चौधरी,धर्मेंद्र यादव,सोवित यादव,कपिल यादव,अतुल चिकारा, सिब्ते हसन, मसरूर सिद्दीकी, एजाज एडवोकेट,हुसैन हैदर, शाहेरूम, दिनेश कुमार, मेराजुल हसन, जयप्रकाश सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद है।

## बिथरी चैनपुर में हाजी जुवेर खान का जनसम्पर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** 123 बिथरी चैनपुर विधानसभा से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी हाजी जुवेर खान ने दर्जनभर से अधिक गांवों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "हाथ ही बदलेगा हालात, जनता तेजी से जुड़ रही है कांग्रेस के साथ"। हाजी जुवेर खान ने कहा कि आज हालात बद से बदतर हो रहे हैं। किसान को समय से यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिल रही। रात को आवारा पशुओं से फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा। सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे कोई काम नहीं होता। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी समाज के लोगों को कांग्रेस के साथ जुड़कर देश को बचाना चाहिए। इस जनसम्पर्क अभियान में उवैश खान, नौशाद अली खान, अफसर खान, अजय शुक्ला, रामवीर सिंह, गुड्डू खान, रिजवान अंसारी उपस्थित रहे।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग पर जा रहे मनोटा के अरमान को ग्रामीणों ने डीजे और तिरंगा यात्रा के साथ दी जोरदार विदाई, परिजनों की आंखें हुई नम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**असमोली (मोनू सिंह)।** देश सेवा और देशभक्ति का जज्बा जब दिल में हो, तो विदाई का पल भी एक उत्सव बन जाता है। ऐसा ही एक भावुक और गर्व से भर देने वाला नजारा जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मनोटा में देखने को मिला। यहाँ के निवासी युवा जांबाज अरमान का भारतीय सेना में 'अग्निवीर' के रूप में चयन होने के बाद, जब वे ट्रेनिंग के लिए रवाना हुए, तो पूरे गांव ने उन्हें एक नायक की तरह जोरदार विदाई दी।



अरमान की रवानगी के मौके पर पूरे गांव मनोटा में जश्न का माहौल था। विदाई के इस ऐतिहासिक पल को और भी जोश से भरने के लिए विशेष रूप से डीजे का इंतजाम किया गया था। डीजे पर "ऐ वतन तेरे लिए", "तेरी मिट्टी में मिल जावां" और "कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों" जैसे देशभक्ति और भारतीय सेना को समर्पित दिल छू लेने वाले गाने बज रहे थे। इन गानों की धुनों पर गांव के युवाओं का जोश सातवें आसमान पर था। हाथ में तिरंगा थामे युवा सेना के सम्मान में जमकर थिरके और पूरा माहौल पूरी तरह से देशभक्ति के रंग में रंग गया। विदाई समारोह में उमड़े जनसैलाब ने जांबाज अरमान को फूलों और नोटों की मालाओं से लाद दिया।

"भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। ग्रामीणों और युवाओं ने हाथ में तिरंगा लेकर गांव में एक भव्य जुलूस निकाला, जिसमें हर कोई अरमान के साथ सेल्फी लेने और उन्हें बधाई देने के लिए आतुर दिखा। जब अरमान के घर से रवानगी का वक्त आया, तो वहां मौजूद हर शख्स की छाती गर्व से चौड़ी थी, लेकिन विदाई की उस बेला में परिजनों की आंखें नम हो गईं। मां ने भारी मन और कांपते हाथों से अपने लाडले के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और नम आंखों से देश की रक्षा के लिए विदा किया। बेटे को गले लगाते समय पिता और भाई-बहनों के आंसू भी छलक आए। यह एक ऐसा पल था जहां एक तरफ बेटे के दूर जाने का भावुक कर देने वाला दर्द था, तो दूसरी तरफ देश सेवा के लिए चुने जाने का असीम गौरव। अरमान के परिजनों ने कहा कि यह हमारे पूरे परिवार और गांव के लिए सबसे बड़ा दिन है। हमारा बेटा देश की सीमा की रक्षा करने जा रहा है, इससे बड़ा सौभाग्य एक माता-पिता के लिए और कुछ नहीं हो सकता।

थाना असमोली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अरमान की इस सफलता को लेकर जबरदस्त उत्साह है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अरमान ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी यह कामयाबी गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का काम करेगी, जिससे प्रेरित होकर भविष्य में और भी युवा सेना में भर्ती होकर देश का नाम रोशन करेंगे। ट्रेनिंग के लिए रवाना होते समय अरमान के चेहरे पर भी देश सेवा का एक अलग ही उत्साह और चमक दिखाई दे रही थी। उन्होंने सभी बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और दोस्तों को गले लगाकर विदा ली।

# या हसन या हुसैन की सदाओं के बीच निकला अलम का जुलूस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सम्भल (दानिश अली)।** मंगलवार को हजरत अब्बास अलमदार रहमतुल्लाह लेह की याद में अकीदत के साथ अलम का जुलूस कडी सुरक्षा के बीच निकाला गया। इस बीच हर तरफ या हसन या हुसैन या अब्बास की सदाएं गुंजती रहीं। नगर के मोहल्ला मियां सराय से अलम का जुलुस हातिम सराय, डूंगर सराय, पंजू सराय, बेगम सराय के अलमदारों के साथ परम्परागत मार्ग से होकर चमन सराय इमामबाड़ा पहुंचा। जहाँ पर मोहल्ला जगत, मंडी, नूरियों सराय, सैफ खान सराय, चौधरी सराय, नाला और बरेली सराय तथा आसपास के जुलूस एकत्र हुए और इसके उपरान्त चमन सराय से अलम का जुलुस बाजार, सब्जी मंडी, कोट गर्बी से रेतला मैदान, महमूद खां सराय, दीपा सराय चौक, ठंडी कोठी, तिमरदास सराय, खग्गू सराय आदि स्थानों से गुजरता हुआ इमाम बारगाहों पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान जगह-जगह शबीले लगाकर तबर्रक का वितरण हुआ। इसके साथ ही कर्बला के शहीदों को याद किया गया। वहीं कोतवाली चौराहे पर अलम आगे-पीछे करने को लेकर अलमदारों में आपस में कहासुनी हो गई। जिसे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुलटा दिया। राजनैतिक हस्तियों ने जलूस में शिरकत कर अलमदारों की हौसला अफजाई की। इसके साथ ही सरायतरीन, हयातनगर, सिरसी आदि स्थानों पर परम्परागत तरीके से अलम का जलूस निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध रहे। जलूस मार्ग के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी पल-पल की स्थिति पर नजर बनाये रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम, किया वृक्षारोपण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लल्ला सलमानी)।** गवॉ के नजदीक गंगा किनारे स्थित श्री हरि बाबा बांधधाम आश्रम पर को भारत के महान राष्ट्रवादी विचारक, प्रखर राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद्, चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में पावन तीर्थ धाम श्री हरिबाबा बांध आश्रम पर हरि बाबा महाराज जी, स्वतंत्रता सेनानी के प्रपौत्र सुमित कुमार,व्यापार मंडल बबराला के अध्यक्ष विजय गुप्ता की उपस्थिति एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात माननीय प्रधानमंत्री भारत की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर बृजमोहन,क्षेत्रीय वन अधिकारी, गुन्नौर,विशेष कुमार यादव,उप क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक कुमार, सुरेश,अमित कुमार वन दरोगा एवं समस्त स्टाफ गुन्नौर रेंज उपस्थित रहा।



# जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं विद्यार्थी: अधिकांश कोचिंग सेंटरों पर नहीं" फायर एनओसी"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद के अधिकांश कोचिंग सेंटरों में विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर पढ़ाई हो रही है। अधिकांश सेंटरों के पास आग से लड़ने के संसाधन नहीं है। कई जगह कोचिंग सेंटर ऐसे तंग रास्तों में हैं जहां एक कार तक नहीं जा सकती। जररूत पड़ने पर दमकल की गाड़ी कैसे पहुंचेगी। सोमवार को लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी आग के बाद जब दमकल विभाग की टीमों ने जांच की तो चार कोचिंग सेंटरों में कमियां मिली हैं। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। अफसरों का कहना है कि सिर्फ 14 कोचिंग सेंटरों के पास फायर एनओसी है।डीआईओएस कार्यालय में केवल 16 कोचिंग सेंटर पंजीकृत हैं। जबकि गली मुहल्लों में सेंटर चल रहे हैं। छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को बैठकर पढ़ाया जा रहा है। मुरादाबाद शहर से लेकर ठाकुरद्वारा,दीनदयाल नगर,कांठ, बिलारी आदि स्थान पर अनेक कोचिंग सेंटर घरों में चल रहे हैं' छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां अलग-अलग समय पर बच्चों के बैच बुलाए जाते हैं। किसी में 20-30 तो किसी में 40-50 बच्चे होते हैं। वहीं नवीननगर में भी घरों कोचिंग सेंटर चलते मिले। कुंदरकी, बिलारी, पाकबड़ा, भोजपुर, मूंढापांडे के गली मोहल्लों में कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी चल रही हैं। यह कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी न तो कहीं पंजीकृत हैं और न ही इनके पास दमकल विभाग की फायर एनओसी है।वर्षों से इन कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। लखनऊ में सोमवार को कोचिंग सेंटर में आग लगी तो मुरादाबाद में अधिकारियों ने इन कोचिंग सेंटरों में चेकिंग की। सीएफओ राजीव कुमार पांडेय ने हैलेट रोड, कटघर, बिलारी, कांठ और ठाकुरद्वारा फायर सेंटर की पांच टीमों का गठन कर दिया है। यह टीमें एक सप्ताह तक जिले के सभी छोटे बड़े कोचिंग सेंटरों में फायर एनओसी, फायर उपकरण, एंट्री और एग्जिट प्वाइंट देखेगी।

# भड़काऊ वीडियो पोस्ट शेयर करने के विरुद्ध भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन हसनपुर के उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर/अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** हसनपुर नगर के मुस्लिम समाज के संभ्रांत नागरिकों तथा बुद्धिजीवियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नाजिया इलाही नामक महिला द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद स.अ.व. तथा उनकी पत्नी हजरत आयशा रजि अल्लाहू अनहू के विरुद्ध आपत्तिजनक, अपमान जनक एवं भड़काऊ वीडियो पोस्ट शेयर करने के विरुद्ध भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन हसनपुर के उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सोंपा । राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में नाजिया इलाही के कथित वीडियो से समस्त मुस्लिम समाज सहित देश की शांति प्रिय जनता की भावनाएं आहत होने तथा समाज में कटुता, वैमनस्य व सांप्रदायिकता उत्पन्न कर शांति भंग करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में नाजिया इलाही के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है । इस अवसर पर मुजाहिद चौधरी ने कहा कि भारत देश विभिन्न धर्मो संप्रदायों जातियां वर्गो और आस्थाओं का देश है ।जहां सभी धर्मों की आस्था, महापुरुषों, देवी, देवताओं और पीर पैगंबरों का पूरा सम्मान किया जाता है । नाजिया इलाही द्वारा स्वयं को मशहूर करने का यह घिनौना प्रयास है । स्वयं महिला होकर महिलाओं पर टिप्पणी करना औचित्यहीन एवं अस्वीकार्य है । उन्होंने कहा कि रसूल अल्लाह और आले नबी का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी मुजाहिद चौधरी, आफताब आलम, निजाम नश्तर, मोहम्मद बिलाल,? अब्दुल करीम मोहम्मद अफजल नसीम अहमद मोहम्मद सरफराज आदि दर्जनों सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे ।



# लखनऊ अग्निकांड व कतर हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (लायबा नूर)** । मानव अधिकार जनसेवा समिति के तत्वावधान में समिति कार्यालय पर एक शोकसभा एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हाल ही में लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड में कोचिंग कर रहे 15 छात्रों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया बैठक को संबोधित करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इससे पहले दिल्ली और गाजियाबाद में भी अग्निकांड जैसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि इन हादसों में देश ने अपने होनहार युवाओं को खो दिया, जो भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर तथा अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर राष्ट्र की सेवा कर सकते थे समिति ने सरकार से मांग की कि कोचिंग संस्थानों, स्कूलों, रेस्टोरेंटों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों की नियमित और निष्पक्ष सुरक्षा जांच कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने के पर्याप्त इंतजाम मौजूद हों। साथ ही ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए जो रिश्वत लेकर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हैं बैठक में कतर की एक तेल रिफाइनरी में हुए हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर भी गहरा दुख व्यक्त किया गया।

समिति के सभी सदस्यों ने दोनों दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर डॉ. मामन नाजिम, मास्टर सफदर अलवी, शेवान अशरफ, मोहन अली, कमांडर अली, यासीन अंसारी, महावीर सिंह यादव, कैलाश सिंह, गजराज सिंह, रामपाल तथा जुगनू शर्मा सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत, समीक्षा गोष्ठी की गई आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मंगलवार 23 जून को पुलिस उपमहानिरीक्षक , मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज द्वारा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कार्यालय स्थित सभागार में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।



बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। सभी को निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

इस अवसर पर क्षेत्र में सतत भ्रमण, प्रभावी गश्त, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, खुफिया तंत्र की सक्रियता तथा स्थानीय नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारी गण उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी में अग्निशमन विभाग का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद

### लखनऊ अग्निकांड के बाद सुरक्षा व्यवस्थाओं की हुई जांच, कमियां मिलने पर जारी होंगे नोटिस

अग्निशमन विभाग ने नगर के कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को विभाग की टीम ने गोशाला रोड, आवास विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित करीब दस कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने भवनों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत व्यवस्थाओं और अन्य सुरक्षा इंतजामों की स्थिति का अवलोकन किया। कई स्थानों पर सुरक्षा मानकों से संबंधित कमियां मिलने पर उन्हें नोट किया गया।

एलएफएम ओमकार शर्मा ने बताया कि फिलहाल कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी में मौजूद कमियों का आकलन किया गया है। संबंधित संस्थानों को आगामी दिनों में नोटिस जारी किए जाएंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।



**एक्शन** लखनऊ हादसे के बाद प्रशासन का बड़ा एक्शन: जिले की सभी कोचिंग और लाइब्रेरी की जांचके लिए टीम गठित

# बिना पंजीकरण व बेसमेंट में चल रहे, लायब्रेरी और कोचिंग संस्थानों की खैर नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** लखनऊ में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे से सबक लेते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। छात्रों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन ने अवैध और बिना सुरक्षा मानकों के चल रहे कोचिंग सेंटरों और निजी लाइब्रेरियों के खिलाफ एक व्यापक अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि चंद पैसों के लालच में मासूम छात्रों की जिंदगी को दांव पर लगाने वाले कोचिंग और लाइब्रेरी संचालकों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**बेसमेंट में चल रहे व्यावसायिक केंद्रों पर पैनी नजर**

सूत्रों के मुताबिक, शहर के कई इलाकों में बेसमेंट के भीतर बिना फायर एनओसी और बिना निकास द्वार के धड़ल्ले से कोचिंग और लाइब्रेरी चलाई जा रही हैं। लखनऊ हादसे के तुरंत बाद हरकत में आए जिलाधिकारी ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले की हर एक लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थान की बारीकी से जांच की जाए।

"छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी संस्थान निर्धारित गाइडलाइंस का उल्लंघन करते पाए जाएंगे उन संचालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

**अतीत के इन दर्दनाक हादसों से भी नहीं लिया सबक, चंद पैसों के लिए दांव पर जिंदगी**

यह पहली बार नहीं है जब चंद रुपयों के लालच में कोचिंग और लाइब्रेरी संचालकों ने छात्रों की जिंदगी को इस तरह जोखिम में डाला हो। इससे पहले भी देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कई भयावह हादसे हो चुके हैं, जो इन अवैध संचालकों की घोर लापरवाही का सबूत हैं:




दिल्ली का ओल्ड राजेंद्र नगर हादसा जुलाई 2024,सूरत कोचिंग सेंटर अग्निकांड, कुंभकोणम स्कूल हादसा 2004,

**इन बिंदुओं पर कड़ाई से होगी जांच**

जांच टीम मुख्य रूप से फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट,निकास की व्यवस्था,आपातकालीन स्थिति में बाहर निकलने के लिए पर्याप्त रास्ते हैं या नहीं? बेसमेंट का अवैध उपयोग, क्षमता से अधिक भीड़ की जाँच करेगी ।

**अब नहीं चलेगी लीपापोती, सीधे होगी कार्यवाही**

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि पूर्व में हुए इन हादसों के बावजूद कई स्थानीय संचालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले में काफी मात्रा मे ऐसे संस्थान हैं जो तंग गलियों में, बिना वेंटिलेशन और बिना फायर एग्जिट के चल रहे हैं।

डीआईओएस नहीं बता पाए कि जिले में कितने लाइब्रेरी संचालित हैं जबकि लाइब्रेरी में लगातार बच्चे पढ़ रहे हैं और काफी मात्रा में जिले में लाइब्रेरी चल रही है उनका कहना है कि हमारे पास अभी तक किसी भी लाइब्रेरी का कोई रिकार्ड मौजूद नहीं है अब देखने वाली बात यह है कि यह लाइब्रेरियन किसकी परमिशन से चल रही है।

**वर्जनः**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है,सभी को दिशा-निर्देश दिए गए है, कमेटी में शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा परिषद की संयुक्त टीम गठित की गई है जो भी इसमें लिप्त पाये जाते है उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जनपद में कितनी लायब्रेरी है उनकी जानकारी नहीं है क्योंकि हमारे यहां से उनका कोई रजिस्ट्रेशन नही हैः

**सर्वेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक संभल**

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विपिन कुमार शर्मा द्वारा संस्था श्री बाला जी हनुमान मन्दिर सेवा समिति, भवालपुर वासली निकट पुलिस चौकी जिला सम्भल का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. हरीराज सिंह– संरक्षक, 2. विपिन कुमार शर्मा– अध्यक्ष, 3. अरविन्द चौधरी– उपाध्यक्ष, 4. रवि कुमार–प्रबन्धक, 5. विपिन– सचिव, 6. दिवेश कुमार कोषाध्यक्ष, 7. विवेक कुमार आर्य, 8. सहदेव यादव, 9. देवेन्द्र सिंह, 10. दिवाकर सिंह, 11. खुशीराम– सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन, जिला संभल की ओर से मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक

**वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने मोमबत्तियां जलाकर रखा दो मिनट का मौन**

कोचिंग संस्थान में हुए अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन रखा। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए दिवंगत विद्यार्थियों की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह 'दिव्य' ने कहा कि संगठन इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। इस अवसर पर डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, वीके त्रिपाठी, अभिनव वार्ष्णेय, संजय कुमार गुप्ता, अनिल गोस्वामी, भुवनेश बघेल, रोहित सैंजनी, सतेंद्र दिवाकर, डी.के. मौर्य, प्रदीप मौर्य, मनीष कुमार, विवेक चौहान, नीलेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, एक होटल और कोचिंग संस्थान सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** लखनऊ के दर्दनाक अग्निकांड के बाद मथुरा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में बीएसए क्षेत्र में संचालित कोचिंग सेंटरों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। प्रशासन की अचानक कार्रवाई से कोचिंग संचालकों में हड़कंप मच गया और कई संस्थानों के संचालक मौके से गायब हो गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी व्यवस्था, आपातकालीन निकासी मार्ग तथा आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच की। जांच में कई संस्थानों के पास फायर विभाग की एनओसी नहीं मिली, जबकि कुछ स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी सामने आई। सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक होटल और एक कोचिंग सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छात्रों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य कोचिंग संचालकों में भी खलबली मच गई है। कई संस्थान अपने दस्तावेजों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जिन संस्थानों के पास आवश्यक अनुमति और सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होंगे, उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# अलीगंज अग्निकांड पर उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई ने जताया शोक, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने लखनऊ के अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड में छात्रों व अन्य लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। कैथल गेट पर आयोजित शोक सभा में पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि दोषी भवन स्वामियों और नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थान संचालकों से अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। अध्यापक दीपक वार्ष्णेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एसआईटी गठन और पीड़ितों के लिए घोषित सहायता का स्वागत करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की मांग की। शोक सभा में तुषार कृष्ण, राजू ठाकुर, अतुल कश्यप, वीरपाल, राहुल, मोहित ठाकुर, उमाकांत शर्मा, मलिक खान और शालिम खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में दूसरे दिन भी डटे अधिवक्ता, उप निबंधक कार्यालय का बहिष्कार कर ठप रखा पंजीयन कार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय का पूर्ण बहिष्कार किया और न्यायिक कार्य से भी विरत रहे। उप निबंधक कार्यालय के बाहर एकत्र हुए अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं एवं आमजन के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेने की मांग की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर एडवोकेट एवं महामंत्री दिलीप यादव एडवोकेट के नेतृत्व में चले आंदोलन के दौरान दूसरे दिन भी किसी प्रकार का पंजीयन कार्य नहीं होने दिया गया। अधिवक्ताओं के बहिष्कार के चलते उप निबंधक कार्यालय में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा और रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था से अधिवक्ताओं, स्टांप विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों तथा आम जनता के हित प्रभावित हो रहे हैं। जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन में बाबूलाल एडवोकेट, महिपाल सिंह एडवोकेट, बृजेश शर्मा एडवोकेट, रामसेवक एडवोकेट, बलराम शर्मा एडवोकेट, संतोष एडवोकेट, नरेंद्र प्रकाश एडवोकेट, उमेश सिंह एडवोकेट, विजयपाल सिंह एडवोकेट, गुड्डू बाबू एडवोकेट, चोखेलाल सागर, अमित शर्मा एडवोकेट, प्रेमपाल एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टांप वेंडर एवं दस्तावेज लेखक मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अपने अधिकारों और न्याय व्यवस्था की गरिमा की रक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।





# मथुरा वृंदावन शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम-व्यापार मंडल की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम एवं व्यापार प्रतिनिधियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, नगर निगम अधिकारियों तथा विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। करीब एक घंटे तक चली बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं, वहीं नगर निगम अधिकारियों ने शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि शहर को साफ-सुथरा, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम और व्यापारियों को मिलकर कार्य करना होगा। व्यापारियों ने नगर निगम के अभियानों में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया, जबकि निगम प्रशासन ने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी ने बताया कि नगर निगम द्वारा विशेष स्वच्छता एवं अतिक्रमण नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 70 वार्डों में 10 विशेष टीमें तैनात की गई हैं, जो नियमित रूप से सफाई, कूड़ा निस्तारण और जनजागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में चलाए गए अभियान के दौरान 26 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# मथुरा में भारत भूषण तिवारी की मौत के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च, न्यायिक जांच की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** बिहार में युवा समाजसेवी भारत भूषण तिवारी की कथित फर्जी मुठभेड़ में हुई मौत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मंगलवार को विकास मार्केट स्थित गांधी प्रतिमा पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकताओं ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने किया। उन्होंने कहा कि भारत भूषण तिवारी समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते थे तथा जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्षरत रहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी व्यक्ति पर कोई आरोप था तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए थी, लेकिन मुठभेड़ में मौत गंभीर सवाल खड़े करती है। कांग्रेस नेताओं ने घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यकताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मौन श्रद्धांजलि दी और मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी, रूप लवानिया, विपुल पाठक, जिलानी कादरी, आशीष अग्रवाल, अबरार कुरैशी, योगेश यादव, लक्ष्य गौड़, गौरांग अग्रवाल, अरुण चौधरी, अमर फारूकी, अमित राज, हाशिम, अनिल राज, अभय प्रताप सिंह, बलवीर सिंह, अमित सिंह, योगेश ठाकुर, नवीन प्रजापति, गौरव सिंह, राजेंद्र शर्मा, दीपक गौर, राजेश कुमार और राकेश शुक्ला सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# निर्जला एकादशी पर बनेगा चार शुभ योगों का महासंयोग, 25 जून को रखा जाएगा व्रत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी इस वर्ष 25 जून को मनाई जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक निर्जल व्रत करने से वर्ष भर की 26 एकादशियों के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है। इसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार निर्जला एकादशी पर रवि योग, शिव योग, सिद्ध योग और गुरुवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे पूजा-पाठ, मंत्र जाप, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की आराधना का महत्व कई गुना बढ़ जाएगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:05 बजे से 4:45 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजीत मुहूर्त 11:56 बजे से 12:52 बजे तक रहेगा। व्रत का पारण 26 जून को सुबह 5:25 बजे से 8:13 बजे के बीच किया जाएगा।



# लखनऊ की घटना के बाद जागा "अग्निशमन विभाग"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** लखनऊ में कोचिंग सेंटर में

**मुरादाबाद में 100 से अधिक कोचिंग सेंटर, एनओसी सिर्फ 14 के पास, एक सप्ताह तक चलेगा "विशेष" अभियान**

आग लगने की घटना के बाद मुरादाबाद जिले के अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को मुरादाबाद के जिले के कोचिंग सेंटरों की भी याद आ गई। शहर से लेकर ठाकुरद्वारा तक कोचिंग सेंटरों की जांच की गई। जांच में जिले के दो सबसे बड़े कोचिंग सेंटर समेत पांच कोचिंग सेंटर मिले। इनमें अग्निशमन यंत्र भी मानक के अनुसार नहीं लगे थे। पांचों को अग्निशमन विभाग की टीम ने नोटिस जारी किया है। जिले के सबसे बड़े दो कोचिंग सेंटरों को सील करने की तैयारी अधिकारियों ने कर ली है। जिले में 100 से अधिक कोचिंग सेंटरों नियमों का धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। जबकि अग्निशमन विभाग की एनओसी मात्र 14 के पास है। अगर यहां पर किसी कोचिंग सेंटर में आग लगी तो लखनऊ जैसी घटना होने से शायद ही अग्निशमन विभाग रोक पाए। देर से ही सही, लेकिन नींद से जागे अग्निशमन विभाग के अधिकारी थाना पुलिस के साथ चेकिंग करने के लिए कोचिंग सेंटरों पर पहुंच गए। सोमवार को शहर के 25 से अधिक कोचिंग सेंटरों में जांच की गई। वहीं ठाकुरद्वारा के कोचिंग सेंटरों पर भी सीओ आशीष प्रताप सिंह अग्निशमन विभाग के और अधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान स्कालर्स डेन बिना अग्निशमन विभाग की एनओसी के चलता मिला। परीक्षा गुरु में निकास मार्ग मानक के अनुरूप नहीं था। एक्सिस कोचिंग में कमियां मिली। एक सप्ताह तक चलाया जाएगा विशेष अभियानः

कोचिंग सेंटरों में अग्निसुरक्षा के मद्देनजर निरीक्षण के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने पांच टीमों का गठन किया है। फायर स्टेशन हैलेट रोड, कटघर, बिलारी, कांठ और ठाकुरद्वारा के लिए गठित ये टीमें एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाकर कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करेंगी। आपातकालीन निकास मार्ग, भवन की क्षमता और छात्र संख्या, फायर एनओसी की स्थिति, बिना पंजीकरण संचालन की जांच होगी।राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुसार कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा के नियम : प्रत्येक बड़े क्लासरूम या हाल में कम से कम दो निकास द्वार होने चाहिए, आपातकालीन सीढ़ियां खुली, अवरोध रहित और कम से कम 1.5 मीटर चौड़ी हों। बिना पर्याप्त वेंटिलेशन और निकास व्यवस्था के बेसमेंट में कोचिंग या लाइब्रेरी संचालित नहीं की जा सकती। प्रत्येक मंजिल और कक्ष के बाहर अग्निशामक यंत्र लगाए जाएं, भवन में स्मोक डिटेक्टर एवं फायर अलार्म सिस्टम हो। संस्थान के पास अग्निशमन विभाग की एनओसी होनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में निकासी योजना भवन में प्रदर्शित हो।



**शपथ ग्रहण समारोह** "जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगा वैश्य समाज का महाकुंभ एवं शपथ ग्रहण समारोह"

# "वैश्य समाज ने की राजनीतिक अधिकार की मांग : रवि प्रकाश अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** होटल बसेरा ब्रजभूमि, वृंदावन में भारतीय वैश्य महासभा, मथुरा की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि महासभा का प्रमुख उद्देश्य समाज में राजनीतिक चेतना का विकास करना तथा वैश्य समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में वैश्य समाज का प्रतिनिधित्व उसकी जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत कम है, जिसके कारण समाज को आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय वैश्य महासभा आगामी चुनावों में वैश्य समाज के 100 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारने का कार्य करेगी ।तथा वैश्य समाज को अपने समाज के प्रत्याशियों के समर्थन हेतु प्रेरित कर उन्हें जिताने का कार्य करेगी।राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय "बंटी बाबू" ने कहा कि महासभा ने अब तक उत्तर प्रदेश के 41 जनपदों में अपना संगठनात्मक ढांचा स्थापित कर लिया है तथा आगामी दो माह में प्रदेश के बाकी सभी जनपदों में संगठन का विस्तार करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू होने की संभावना को देखते हुए महिलाओं को संगठन में आगे आकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसेरा ग्रुप के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल मैं कहां के समाज की एकाग्रता को बनाए रखने के लिए समाज की हर व्यक्ति को एक साथ होकर चलना होगा तभी राजनीतिक अधिकार मिल सकते हैं

मथुरा के प्रमुख वैश्य नेता श्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि जब तक वैश्य समाज अपने समाज के प्रत्याशियों को मतदान करने के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं होगा। उन्होंने समाज से राजनीतिक दलों के हितों से ऊपर उठकर समाजहित में सोचने का आह्वान किया।

मथुरा के जिला प्रभारी ऋषि गुप्ता ने बताय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में मथुरा में एक विशाल वैश्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। तथा सभी नवनीत इकाइयों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा सम्मेलन की सफलता के लिए समाज के हर व्यक्ति से सहयोग की अपील की गई इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा श्रीमती ललिता वार्ष्णेय को राष्ट्रीय सचिव (महिला प्रकोष्ठ) पद पर मनोनीत किए जाने की घोषणा भी की गई।

संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पंकज गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेः सर्वश्री अमृत खंडेलवाल प्रदेश उपाध्यक्ष,अशोक खंडेलवाल, प्रदेश मंत्री सूची अग्रवाल, जिला अध्यक्ष महिला प्रशांत गुप्ता, रेशमा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, संरक्षक सदस्य महेश अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, आशू खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, विनोद कुमार मित्तल, संतोष वार्ष्णेय, सुशीला, राजू गुप्ता, दीपक बंसल, कुलदीप गुप्ता, दीपक गोयल एडवोकेट अखिलेश गुप्ता, डॉक्टर पुनीत वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, पंकज खंडेलवाल, ललित गुप्ता, आदि।




# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रेलवे जंक्शन के सामने स्थित मुखर्जी चौक पर महान शिक्षाविद एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.के. शर्मा ने तथा संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। अंत में वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## भमोरा थाना क्षेत्र में 112 पुलिस गाड़ी चलाने वाले ग्राम प्रधान पति सहित गांव के राकेश कुमार और हल्का लेखपाल पर धमकी देने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरोही निवासी राम कुमार उर्फ गज्जू पुत्र गुलजारी लाल ने पुलिस अधीक्षक बरेली को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। राम कुमार का आरोप है कि ग्राम सिरोही के प्रधान पति नरेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह, जो थाना भमोरा में 112 नंबर पुलिस की गाड़ी चलाते हैं, द्वारा उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने व जेल भिजवाने की धमकी दी गई।पीड़ित ने पत्र में बताया कि 1जून 2026 को लगभग 11 बजे नरेंद्र सिंह गांव में वोट न देने वालों से रंजिश रखते हुए परेशान कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और धमकियां दी गईं। रामकुमार ने आरोप लगाया कि नरेंद्र सिंह के साथ हल्का लेखपाल गौरव सिंह भी मिलीभगत कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और नरेंद्र सिंह का तबादला थाना भमोरा से हटाकर तहसील आँवला के बाहर किसी अन्य थाने में किया जाए।



पीड़ित का कहना है कि वे वर्षों से अपनी भूमि पर काबिज हैं, लेकिन विपक्षी लोग जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## फुटबाल टूर्नामेंट : नेहरू क्लब ने दी सितारा क्लब को शिकस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा )।** मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में आयोजित खान कप 2026 फुटबाल टूर्नामेंट के चौथे मैच में सितारा क्लब को हराकर नेहरू क्लब ने जीत हांसिल की है लेकिन जानकारों की नजर में यह जीत नसीब की बुलंदी समझा जाए तो शायद गलत नहीं होगा ! लेकिन जीत तो जीत है और इसी कारण टूर्नामेंट के अगले चरण में नेहरू क्लब ने प्रवेश कर लिया है ।
सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मैच के पहले हाफ में लाख प्रयत्नों के बाबजूद दोनों में से एक भी टीम एक दूसरे के खिलाफ एक भी गोल नहीं कर सकी ! लेकिन दुसरे हाफ में नेहरू क्लब के खिलाडी अरफात ने बडी सूझबूझ से गोल कर अपनी टीम को बढत दिला दी, अन्य खिलाडियों उत्साहित दिखे और दर्शकों ने भी तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया लेकिन थोडी देर बाद ही सितारा क्लब के जीशान ने दाग दिया और स्कोर दोनों टीमों का 1-1 होने से स्थति पहले जैसी हो गई ! हर किसी की सोच यही थी कि मैच का रिजल्ट क्या रहेगा और बिना हार जीत हुए निर्धारित समय समाप्त हो गया !



पता चला है कि विजेता टीम का फैसला करने के लिए सभी की सहमति से रैफरी जुबेर आलम ने पेनल्टी शूटआउट का निर्णय लिया जिसमें नेहरू क्लब ने सितारा क्लब को 3--2 से पराजित कर जीत हासिल कर ली ! मैच दौरान मैच के आयोजक रिजवान कुरैशी,उबेश प्रिंस, ,सईद सागर, शाहबुद्दीन, ताहिर बटन,मोईन अली,राहत अली, एहतराम अली,हाजी मुबीन, महफूज मुन्ना आदि बहुत से लोगों की मौजूदगी रही !

## प्रदेश के 4 बीएसए-6बीईओ को मिलेगा "राष्ट्रीय सम्मान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने वाले अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े प्रतिष्ठित' अवार्ड फार इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन' के लिए प्रदेश से चार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) और छह खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) चुने जाएंगे।

## कांठ विद्युत उपकेंद्र पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग के कारण आज सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने मंगलवार की देर शाम 7:45 बजे "बुलंद संदेश" को बताया कि 24 जून बुधवार को सुबह 10:00 बजे से 02:00 बजे तक, 33/11 ङश विद्युत उपकेंद्र कांठ पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इस कारण सभी 11 ङश पोषक की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ,विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी सम्मानित उपभोक्ताओं और किसान बन्धुओं की विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहेगी। आमजन से सहयोग अपेक्षित है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक: अवैध कटों की "सीसीटीवी से की जाएगी निगरानी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद की यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य मार्ग पर संचालित निजी बस अड्डे को बंद कराने, ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंद किए गए अवैध कटों की सीसीटीवी से निगरानी कराने के निर्देश जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया ने दिए हैं। यह निर्णय कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में लिया गया।बैठक में डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने हिट एंड रन के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। टोल प्लाजा से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों पर विशेष निगरानी रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर छह अवैध कट बंद किए जाने की जानकारी मिलने पर डीएम ने इन सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि दोबारा अवैध कट बनाने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके। शहर में दुर्घटना संभावित स्थानों पर लगे बिजली के पोलों का संयुक्त सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए पुलिस, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग की टीम गठित की जाएगी। बरसात को देखते हुए झुके और क्षतिग्रस्त पोलों की मरम्मत, सुरक्षा कवर और रिफ्लेक्टर टेप लगाने के निर्देश भी दिए गए।

## कांठ में "महेश नवमी का पर्व धूमधाम "से मनाया गया: भगवान "शिव की पूजा से ही समाज का "कल्याण: मुकेश माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महेश नवमी का पर्व नगर में आज धूमधाम से मनाया गया' माहेश्वरी शिव मंदिर पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया और भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई'महेश नवमी का पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है।यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव के आशीर्वाद से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी। इस दिन भक्त उपवास रखते हैं, शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और समाज में भाईचारे व सेवा का संदेश फैलाते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी,मोहित माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी, दिनेश माहेश्वरी, अवधेश चंद माहेश्वरी, मनीषा माहेश्वरी, सपना माहेश्वरी, स्वाती माहेश्वरी, मानव माहेश्वरी आदि मौजूद थे ' समाज की ओर से सब्जी मंडी में शरबत का वितरण भी किया गया' देर शाम को वैश्य धर्मशाला में समाज की ओर से सहभोज का आयोजन भी हुआ ' मुकेश माहेश्वरी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और सभी को महेश नवमी की बधाई दी ।





## पैगाम-ए-कर्बला कान्फ्रेंस की सातवीं शब, मौलाना दानिश रजा बोले अहले बैत से मुहब्बत दुनिया-आखिरत में कामयाबी की दलील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला नूरूल्ला में स्थित सिद्दिके अकबर मस्जिद में गुलामाने सिद्दिके अकबर की ओर से चल रही दस रोजा सालाना पैगाम-ए-कर्बला कान्फ्रेंस की सातवीं शब नबी की अहले बैत से मुहब्बत के नाम रही। कान्फ्रेंस का आगाज मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद हाफि ज अब्दुल्लाह शैख ने अहले बैत की शान में पुरअसर कलाम पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया।कान्फ्रेंस का खिताब करते हुए मौलाना दानिश रजा ने कहाः दुनिया और आखिरत में कामयाबी के लिए अहले बैत से मुहब्बत जरूरी है। जो दिल नबी के घराने की मोहब्बत से खाली है, वो ईमान के नूर से महरूम है। कर्बला का पैगाम यही है कि हक के लिए कुर्बान हो जाओ, मगर अहले बैत का दामन मत छोड़ो। आखिर में सलातो-सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली, अमन और भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ कराई गई। इस मौके पर मुफ्ती सुब्हान रजा, मुफ्ती मुहम्मद बिलाल रजा, हाफि ज फैजान, हाफि ज तहजीब, गुलाम नबी अत्तारी, इन्तजार रजवी, कारी इमरान अत्तारी समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।



## मुरादाबाद मंडल में सालभर में 790 बच्चों की मौत: अस्पतालों के रिकॉर्ड में सिर्फ 150, अस्पताल सोते रहे, समुदाय गिनता रहा मौतें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद मंडल में बच्चों की मौत के आंकड़ों ने स्वास्थ्य विभाग के दावों की चमक उतार दी है।एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के एमपीसीडीएसआर पोर्टल के आंकड़े बताते हैं कि मंडल के पांच जिलों में पांच साल तक के 790 बच्चों की मौत दर्ज हुईं, लेकिन इन मौतों की सबसे बड़ी गवाही अस्पतालों ने नहीं, समुदाय ने दी। चौंकाने वाली बात यह है कि 790 में से सिर्फ 150 मौतें स्वास्थ्य संस्थानों से दर्ज हुई, जबकि 640 मौतों की सूचना समुदाय से आई।
यानी जिस तंत्र पर बच्चों की जिंदगी बचाने और मौतों की निगरानी की जिम्मेदारी है, वही सबसे ज्यादा लापरवाह दिख रहा है। सबसे खराब तस्वीर बिजनौर से सामने आई है। यहां 315 बच्चों की मौत दर्ज हुईं। लेकिन इनमें से 39 मौतें ही स्वास्थ्य संस्थानों ने रिपोर्ट कीं, जबकि 276 मौतें समुदाय के जरिये सामने आईं। यह अंतर सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि सरकारी रिपोर्टिंग सिस्टम की नाकामी का खुला दस्तावेज है। सवाल यह है कि जब इतनी संख्या में बच्चों की मौतें हुईं तो अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और स्वास्थ्य इकाइयां आखिर कर क्या रही थीं। अस्पतालों से रिपोर्टिंग न होने के कारण विभाग को मौत का कारण पता लगाने में भी मुश्किल होती है। मुरादाबाद जिले में 203 बच्चों की मौत दर्ज हुई। इनमें 35 मौतें स्वास्थ्य संस्थानों से और 168 समुदाय से रिपोर्ट हुईं। अमरोहा में 141 बच्चों की मौत दर्ज की गईं। इनमें 42 मौतें संस्थानों से और 99 समुदाय से रिपोर्ट हुईं। रामपुर में 87 बच्चों की मौत हुईं, जिनमें 34 संस्थानों और 53 समुदाय से रिपोर्ट सामने आई। दोनों जिलों में भी हालात यही रहे कि स्वास्थ्य संस्थान पीछे रहे और समुदाय आगे। वहीं संभल में 44 बच्चों की मौत दर्ज हुई, लेकिन एक भी मौत स्वास्थ्य संस्थानों से रिपोर्ट नहीं हुई। सभी 44 मामले समुदाय से सामने आए।

## विक्रेताओं ने भरी हुंकार : यूरिया खाद पर दवाईयों की ट्रैगिंग हो तत्काल बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** खाद व बीज बेचने वाले दुकानदार बडी संख्या में रामपुर विकास भवन पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायत पत्र दिया जिसमें उन्होंने खाद बेचने वाले कुछ थोक दुकानदारों पर आरोप लगाया कि डीएपी उर्वरक का निर्धारित मूल्य 1350 रुपए प्रति बैग है लेकिन कुछ थोक विक्रेता इसे 1650 रुपए प्रति बैग की दर से बेच रहे हैं इतना ही नहीं सरकार द्वारा यूरिया खाद का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपए प्रति बैग निर्धारित है लेकिन 290 रुपए प्रति बैग की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही प्रत्येक 500 बैगों पर लगभग एक लाख रुपए की दवाईयों की अनिवार्य टैगिंग भी की जा रही है जिससे दुकानदारों पर अधिक आर्थिक बोझ पडने से कारोबार प्रभावित हो रहा है ! उनका कहना रहा कि यदि समस्या का समय रहते समाधान नहीं हुआ तो उन्हें अपना कारोबार बंद करने के लिए मजबूर होना पडेगा ! दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि थोक विक्रेताओं पर लगाए गए आरोपों की जांच होनी चाहिए और जो भी जांच में दोषी पाया जाए उसके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए ,साथ ही निर्धारित दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और यूरिया खाद पर अनावश्यक टैगिंग को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए जाएं !

**निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचने वालों पर हो कार्यवाही**



उक्त प्रकरण पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने खाद और बीज विक्रेताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने का आश्वासन दिया ! उनका कहना रहा कि अब तक दुकानदारों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी लेकिन वर्तमान में मिली शिकायत के आधार पर विधि सम्मत परीक्षण करने के बाद कार्यवाही जरुर की जाएगी !

## डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं ने उपनिबंधक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ द्वारा प्रदेश सरकार की डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में चल रहा आंदोलन आज नवें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं द्वारा पूर्ण रूप से रजिस्ट्री कार्य का बहिष्कार किया गया।
अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए एकत्रित होकर उप निबंधक (रजिस्ट्रार) कार्यालय के बाहर पहुंचे तथा डिजिटल रजिस्ट्री के प्रस्ताव के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।अधिवक्ताओं का कहना कि जब तक डिजिटल रजिस्ट्री के प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता है तब तक अधिवक्तागण एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे यदि हमारी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी 'प्रदर्शन में तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की तथा एक स्वर में डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली का विरोध किया। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, महासचिव दीपक बिश्नोई,शहजाद रफीक खान, इकबाल खान, यशवीर सिंह, सुगम पवार, चरण सिंह सैनी, वैभव बिश्नोई, नन्ने खां, सुनील प्रजापति, हरपाल सिंह, पुष्पेंद्र धामा, सुधीर कुमार बिश्नोई, विजयवीर सिंह, मोहम्मद अय्यूब, चंद्रपाल सिंह, जसवीर जस्ती, भूपेंद्र सिंह, महबूब खां, सुधीर बिश्नोई, चरण सिंह ढाका, कोमल सिंह, रंजीत सिंह, सुशील बिश्नोई, अफसर खान, चरण सिंह देशवाल, चौधरी सुनील कुमार,अतुल कुमार साजिद खान, लक्ष्मण पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।सभा की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने की तथा संचालन महासचिव दीपक



## सूफी हाफिज शफी अहमद का 13 वां उर्स, बडी संख्या में शामिल हुए जायरीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर ।** थाना टांडा के अंतर्गत नगर पंचायत दढियाल के मूल निवासी सूफी हाफिज शफी अहमद का 13 वां उर्स शरीफ उत्तरांचल के जिला हरिद्वार क्षेत्र के कलियर शरीफ के गांव निहनदपुर गांव में गत वर्षों की भांति इस बार भी मनाया गया ! पता चला है कि 13 वर्ष पहले हरिद्वार क्षेत्र के इसी गांव निहनदपुर में इंतकाल हुआ था और उन्हें यहीं दफनाया गया था ! तभी से यहां उनका सालाना उर्स मनाया जाता रहा है !सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उर्स के कुल शरीफ में जिला रामपुर के थाना टांडा के अंतर्गत नगर पंचायत दढियाल सहित आसपास के गांवों से बडी संख्या में जायरीन शामिल हुए तथा उपस्थित जायरीनों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआएं मांगी ! बकौल हाफिज सगीर जायरीनों ने मुल्क में अमन - चैन और भाईचारा कायम रखने एवं बेरोजगारों के लिए रोजगार व नमाजियों के लिए नमाज और मुल्क में गंगा - जमुनी तहजीब के लिए विशेष दुआएं की ! इस दौरान शुफी हाफिज शफी अहमद की जायरत की गद्दी के नशीन डाक्टर ताहिर अली, हाफिज सगीर, नासिर अंसारी, अब्दुल जब्बार,हकीम लईक, मास्टर जाफर, कबीर अंसारी, हाफिज जावेद, अकरम सैफी, मास्टर शाहिद,युनिस अली, महमूद मिस्त्री, मौहम्मद हनीफ,हबीब अंसारी, कादिर अंसारी आदि बहुत से जायरीन मौजूद रहे !

**मुल्क की खुशहाली के लिए मांगी दुआएं**





**जुलूस निकला** | देर रात छोटी मेहंदी का जुलूस निकला, चिरागा कर मन्नते मांगी

## हजरत कासिम की शहादत के गम में शाबिहे ताबूत जुल्जिनाह का जुलूस निकला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हसन के 13 साल के बेटे कर्बला के शहीद हजरत कासिम की शहादत के गम मे शिया समुदाए में शबीहे ताबूत ओर शबीहे जुल्जिनाह(घोड़ा) का मातमी जुलूस निकला तथा दे ेरात नगर में अहले सुन्नत ने छोटी मेंहदी का जुलूस निकाला ।और । नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में हजरत इमाम हसन के बेटे कर्बला के शहीद हजरत कासिम की शहादत के गम में मजलिस हुई। गुलाम अमन नकवी ने मरसिया पढ़ा ओर मजलिस को खिताब करते हुए गुलाम मेंहदी नकवी ने कहा कि रसूल करीम ओर अहलेबैत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर हमे जिंदगी गुजारनी चाहिए । उन्होंने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन ओर शोहदाए कर्बला ने इंसानियत का पैगाम दिया है । हजरत इमाम हुसैन के भतीजे हजरत कासिम की शहादत सुनकर आजादारों की आँखे नम हो गई नम आँखो के बीच हाय हुसैन हाय कासिम की सदाओं के बीच शबीहे ताबूत ओर जुल्जिनाह(घोड़ा) का जुलूस बरामद हुआ जिसमे अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मूर्तजा व साजिद रजा काजमी, रजा अस्करी रिजवी, हैदर अब्बास काजमी, कमाल हैदर रिजवी ने नोहे ख्वानी की । मातमी जुलूस हबीबूल हसनेन रिजवी के आजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हुआ । इसके आलावा शिया समुदाए के इमामबाडों और आजाखानो में दे ेरात तक मजलिसों का सिलसिला जारी रहा । इसके अलावा नगर में अहले सुन्नत के आजाखानो में शहादत नामों की महफिले हुई जिसमे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों का जिक्र किया गया । वही देर रात नगर में अहले सुन्नत समुदाए ने छोटी मेंहदी का जुलूस निकाला जिसमे अहले सुन्नत के लोग शहादत नामे पढ़ रहे थे और ढोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन की जीत का ऐलान कर रहे थे ।छोटी मेंहदी का जुलूस नगर में अपनी राहों से होता हुआ बुधवार की सुबह। स्टेशन स्थित सदर इमामबाड़े पर पहुंच कर समाप्त हो गया ।





**चिरागा करके मन्नते मांगी**

कुन्दरकी । सात मोहर्रम को हजरत कासिम की शहादत का गम मनाया गया इस मौके पर नगर स्थित कर्बला पर चिरागा करने के लिए भारी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी और नगर व आप पास के गाँवों में स्थित इमामबाड़ों और आजाखानों में छोटी मेंहदी चढ़ाकर और चिरागा करके मन्नते मांगी । मंगलवार को नगर में छोटे छोटे बच्चे भी छोटी मेंहदी इमामबाड़ों और आजाखानो में ले जाते हुए दिखाई दिए ।

## मुरादाबाद के "शिल्प गुरु चिरंजीलाल को राष्ट्रपति के हाथों मिला" पद्मश्री सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शहर के शिल्प गुरु चिरंजीलाल मंगलवार को पद्मश्री से नवाजे गए । उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री का सम्मान मिला। इससे पहले हस्तशिल्प से जुड़े दिलशाद हुसैन और बाबूराम यादव को पद्मश्री मिल चुका है। मुरादाबाद के मशहूर शिल्पकार चिरंजीलाल ने 21 साल की उम्र से पीतल पर मरोड़ी और कलम का बारीक काम शुरू किया था। उन्हें यह काम करते हुए करीब 55 साल हो गए। चिरंजीलाल की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे उनके गुरु अमर सिंह जी का बहुत बड़ा हाथ है। अमर सिंह को भी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका था। चिरंजीलाल के मुताबिक हाल ही में उन्हें मुकेश अंबानी के कार्यालय की ओर से भी संपर्क किया गया है। उनके बेहतरीन काम को देखते हुए उन्हें मुंबई और विदेशों में खुलने वाले बड़े शोरूम्स के लिए विशेष कलाकृतियां तैयार करने का ऑफर मिला है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# निकिता दत्ता ने 'कबीर सिंह, को बताया करियर का टर्निंग प्वाइंट, कहा-इस फिल्म ने मुझे जरूरी बदलाव दिया



शाहिद कपूर की कबीर सिंह को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने करियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी और बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया।

निकिता ने 'कबीर सिंह को अपने करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके करियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी।

कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह

**फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की**

बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी।

फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही नजदीकियां में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी। यह प्राइम वीडियो इंडिया की आने वाली सीरीज है, जिसे धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। यह प्रोजेक्ट धर्माटिक के साथ उनका पहला कोलेबोरेशन है।


धर्माटिक करण जौहर का डिजिटल कंटेंट डिवीजन है। सीरीज से जुड़ने के बारे में बात करते हुए दत्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि करण जौहर आज के समय में फैमिली-रोमकॉम के जीनियस हैं। जब से मैंने एक्टिंग शुरू की है, उनकी ड्रामेडी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। जब मुझे यह ऑफर मिला, तो इसे ठुकराने का कोई सवाल ही नहीं था। आज के दौर के रिश्तों पर आधारित ड्रामा नजदीकियां में निकिता मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और ताहा शाह भी हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीम होगी।

निकिता दत्ता को आखिरी बार ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स में देखा गया था, जिसमें उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ काम किया था।

# झुमके, बिंदी...और मुस्कान; साड़ी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं मौनी रॉय

अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों वेब सीरीज अब होगा हिसाब को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 8 जून को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई है। मौनी के अलावा इसमें शाहीर शेख और संजय कपूर भी हैं। इस बीच मौनी अपने साड़ी लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। मौनी रॉय ने आज शनिवार को अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वे साड़ी पहने स्टाइलिश पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, हमेशा एक साड़ी वाली लड़की।

मौनी रॉय गोल्डन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने



लाल रंग के ब्लाउज के साथ कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने छोटी सी लाल बिंदी और मैचिंग झुमकों से लुक कंपलीट किया है।

मौनी रॉय का हेयरस्टाइल भी उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। उन्होंने बालों को खुला रखा है। लहराती हुई जुल्फों के साथ पोज देते हुए मौनी बला की खूबसूरत लग रही हैं।

मौनी रॉय की तस्वीरों पर नेटिजंस के ढेर सारे रिएक्शन आ रहे हैं। यूजर्स उन्हें भारतीय कल्चर का चांद कह रहे हैं तो कोई लिख रहा है, आपके ऊपर सभी लिबास अच्छे लगते हैं, मगर साड़ी की बात ही अलग है।

मौनी की निजी जिंदगी की बात करें तो पति सूरज नांबियार के साथ उनका सेपरेशन हो गया है। बता दें कि दोनों ने साल 2022 में गोवा में शादी की थी।

# समांथा रुथ प्रभु की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाए गर्दे, इन दो फिल्मों को पछाड़ा, दूसरे दिन किया इतना कलेक्शन

मां इंटी बंगाराम में समांथा रुथ प्रभु लीड रोल निभा रही हैं. ये एक वुमेन लीड फिल्म है. इस फिल्म को बहुत सराहा जा रहा है. इस एक्शन-कॉमेडी ड्रामा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. आइए जानते हैं फिल्म के कलेक्शन के बारे में। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 2591 शोज मिले. फिल्म को 44.6 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने दूसरे दिन तमिल में 35 लाख कमाए. वहीं तेलुगू में फिल्म ने 7.15 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने पहले दिन 5.35 करोड़ कमाए. फिल्म को पहले दिन 2600 शोज मिले और 31.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली।

फिल्म ने टोटल 12.85 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. फिल्म ने ग्रॉस 14.90 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में 10.60 करोड़ कमाए. वर्ल्डवाइड फिल्म ने 25.50 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म ने फीमेल लीड यशोदा और गार्गी को भी



पछाड़ दिया है. यशोदा ने पहले दिन 3.06 करोड़ कमाए. दूसरे दिन 3.64 करोड़ कमाए थे. वहीं गार्गी की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन 40 लाख और दूसरे दिन 62 लाख की कमाई की. फिल्म को नंदिनी रेड्डी ने डायरेक्ट किया है. वहीं राज निदिमोरु ने क्रिएट किया है. फिल्म को समांथा, राज और हिमांक रेड्डी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को पॉजिटिव रिव्यूज मिले हैं और पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का फायदा आगे भी मिलने की उम्मीदें हैं।

फिल्म में समांथा रुथ प्रभु ने लीड रोल निभाया है. फिल्म में उन्हें एक्शन करते देखा गया है। बता दें कि समांथा इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं. हाल ही में खबरें आईं कि समांथा प्रेग्नेंट हैं. वो दिसंबर में बेबी को जन्म देने वाली हैं. शनिवार को उनकी कुछ फोटोज भी सामने आईं जिनमें उनका बेबी बंप भी नजर आया. एक्ट्रेस ने इसे लेकर ऑफिशियली रिएक्ट नहीं किया है. समांथा ने 2025 में राज निदिमोरु संग शादी की।

# एक खास किस्म का फल है तारा सेब, इसे इन तरीकों से करें डाइट में शामिल

तारा सेब एक खास फल है, जो आकार में तारे की तरह दिखता है और स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। यह फल विटामिन-सी, पोटेशियम और फाइबर से भरपूर होता है। आमतौर पर तारा सेब का सेवन सलाद या ठंडे पेय के रूप में किया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इसे अन्य कई तरीकों से भी खाया जा सकता है? आइए आज हम आपको तारा सेब के कुछ अनोखे व्यंजनों के बारे



में बताते हैं।

**तारा सेब का रस बनाकर पिएं**

तारा सेब का रस पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को धोकर उसके टुकड़े कर लें, फिर उसे रस निकालने वाले यंत्र में डालकर उसका रस निकालें। इस रस को ताजे पुदीने की पत्तियों और थोड़ी-सी चीनी के साथ मिलाकर पीएं। यह पेय गर्मियों में आपको तरोताजा रखेगा।

**तारा सेब की चटनी बनाएं**

तारा सेब की चटनी खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और नमक मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण को थोड़ी देर पकाएं, ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। इस चटनी को पराठे या रोटी के साथ खाया जा सकता है। यह आपके खाने को नया स्वाद देगी और पौष्टिक भी होगी।

**तारा सेब का ठंडा मीठा बनाएं**

गर्मियों में ठंडा-ठंडा मीठा खाना किसे पसंद नहीं होता? स्टार सेब का ठंडा मीठा बनाना बहुत आसान है। इसके लिए सबसे पहले स्टार सेब के टुकड़ों को पीस लें, फिर इसमें दूध, चीनी और मलाई मिलाकर जमने के लिए रख दें। कुछ घंटों बाद आपका ठंडा मीठा तैयार हो जाएगा। इसे ठंडा-ठंडा परोसें और अपने परिवार के साथ इसका आनंद लें। यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

**तारा सेब का मीठा मुरब्बा बनाएं**

तारा सेब का मीठा मुरब्बा नाश्ते में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब के टुकड़ों को चीनी और नींबू रस के साथ पकाएं, जब तक कि वह गाढ़ा न हो जाएं। इस मुरब्बे को ब्रेड या पराठे पर लगाकर खाया जा सकता है। यह मुरब्बा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन-सी आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है। इसे ठंडा करके फ्रिज में भी रखा जा सकता है।

**तारा सेब का मिल्क शेक बनाएं**

सुबह-सुबह ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए तारा सेब का मिल्क शेक पीना अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक यंत्र में एक तारा सेब का टुकड़ा, आधा केला, थोड़ी दही और शहद डालकर अच्छे से पीस लें। इस मिश्रण को गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ी-सी पुदीने की पत्तियां डालें। यह मिल्क शेक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी आपको ताजगी देंगे।

# रोजाना एक्सरसाइज करने से जुड़े इन भ्रमों को सही मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई

शारीरिक सक्रियता हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। फिर चाहे यह किसी भी रूप में हो, जैसे रोजाना 30 मिनट टहलना, दौड़ना, साइकिल चलाना या तैरना। इससे न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, कई लोग रोजाना एक्सरसाइज करने को लेकर कुछ भ्रम फैलाते हैं। आइए आज हम आपको रोजाना



एक्सरसाइज करने से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

**भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में होता है दर्द**

कई लोगों का मानना है कि रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में दर्द होता ही है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। अगर आप सही तरीके से एक्सरसाइज कर रहे हैं और आपकी तकनीक अच्छी है तो आपको दर्द नहीं होगा। हां, अगर आपको किसी भी तरह की असुविधा या दर्द महसूस हो तो इसका मतलब है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। इसलिए, हमेशा सही तरीके का इस्तेमाल करें और अपने शरीर की सुनें।

**भ्रम- ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना**

यह भी एक सामान्य भ्रम है कि ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना होता है। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि जितना ज्यादा पसीना, उतना ज्यादा जली कैलोरी। दरअसल, पसीना हमारे शरीर का तापमान नियंत्रित करने का एक तरीका है, न कि यह संकेतक है कि आपने कितनी कैलोरी बर्न की है। इसलिए, पसीना की मात्रा पर ध्यान देने के बजाय अपनी शारीरिक गतिविधियों और आहार पर ध्यान दें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें।

**भ्रम- एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग है जरूरी**

शायद आप भी इस बात से वाकिफ होंगे कि एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग करना जरूरी है, लेकिन यह भी एक भ्रम है। दरअसल, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करना चाहिए और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बाद करनी चाहिए। इसके अलावा अगर आप स्ट्रेचिंग को ज्यादा देर तक करते हैं तो इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करें और बाद में स्ट्रेचिंग करें।

**भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में होता है दर्द**

रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में दर्द होने लगता है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है। अगर आपको एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों में दर्द होता है तो इसका मतलब है कि आप बहुत ज्यादा मेहनत कर रहे हैं या फिर आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक्सरसाइज के दौरान आपको हल्का तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन दर्द नहीं होना चाहिए। अगर दर्द हो तो थोड़ी देर आराम करें और अपनी तकनीक पर ध्यान दें।

**भ्रम- एक्सरसाइज करते समय पेट होना चाहिए खाली**

यह भी एक भ्रम है कि एक्सरसाइज करते समय पेट खाली होना चाहिए, क्योंकि इससे ज्यादा कैलोरी बर्न होती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप खाली पेट एक्सरसाइज करते हैं तो इससे कमजोरी आ सकती है और शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। बेहतर होगा कि आप हल्का नाश्ता करके एक्सरसाइज करें, ताकि आपको ऊर्जा मिल सके और आप बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन आपको ज्यादा ताकत प्रदान करेगा।

# एम डी उदित की अगुवाई में नारायणा में हुआ 375 यूनिट रक्तदान, दर्जनों हुए शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यह महानगर किसी दुर्घटना या बीमारी का शिकार होने पर असमय मृत्यु के खिलाफ जीवन के पक्ष में विश्व के सबसे बड़े दान रक्तदान के आयोजन में भी अव्वल चल रहा है। इसके प्रमुख श्रेय धारकों में अनगिनत अन्य के साथ सर्वोत्तम और सस्ती चिकित्सा के रूप में भी समाज सेवा में अग्रणी नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भी शामिल है।

अपने दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 375 यूनिट रक्तदान करने कराने वाले नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का उद्देश्य आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है।इसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के प्रचारक भवानी तिवारी की मौजूदगी में रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा के क्षेत्र में हर दृष्टिकोण से जनहित में अव्वल नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक (एम डी) उदित नारायणा तथा पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एम. पी. मिश्रा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है



तथा रक्तदान करने से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ता, बल्कि यह एक सुरक्षित एवं मानवीय सेवा है। इस मौके पर नारायणा ब्लड सेंटर की प्रभारी डॉ. रोहिणी श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी इच्छुक नागरिकों से रक्तदान के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भी अपील की।

रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान के लिए इस अवसर पर डॉ. दीक्षा, डॉ. देवेश एवं डॉ. अभिलाष सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।

# 29 जून को सात विभूतियों को मिलेगा उड़ान लता मंगेशकर सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आगामी 29 जून 2026 को बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में आयोजित ' तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे-5 ' कार्यक्रम में सात विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान मिलेगा।



उड़ान संस्था की अध्यक्ष सरिता सिंह ने बताया कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले की स्मृति में आयोजित होने ' तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे ' कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ०एस०एन०कुरील, बिपिन कुमार ( निर्देशक भारतेंदु नाट्य अकादमी), मुक्ता चटर्जी, डॉ.मालविका हरिओम (गायिका) पं.रविनाथ मिश्रा (तबला वादक), डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव (कथक गुरु) और वर्षा वर्मा को पांचवें उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अभ्यागत उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पवन सिंह चौहान एम.एल.सी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, फिल्म अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी, प्रभु नाथ राय, उस्ताद युगान्तर सिंदूर होंगे।

# नई दिल्ली में परिसीमन और अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व पर हुई महत्वपूर्ण परिचर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में मंगलवार को "Delimitation and the Question of Minority Representation" विषय पर एक महत्वपूर्ण जनता परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं बिहार के सह-प्रभारी शहनवाज आलम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह सहित देश के कई वरिष्ठ नेता, सांसद, विधि विशेषज्ञ, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिचर्चा के दौरान परिसीमन (डिलिमिटेशन) की प्रक्रिया तथा उसके विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तार से




चर्चा की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सलीम अहमद (सैफी) ने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया देश की राजनीतिक संरचना, सामाजिक न्याय और विभिन्न समुदायों की लोकतांत्रिक भागीदारी पर दूरगामी प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और वंचित समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर गंभीर एवं सार्थक विमर्श समय की आवश्यकता है। सलीम अहमद (सैफी) ने कहा, ह्लोकतंत्र में न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारे संविधान की मूल भावना है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को उसकी जनसंख्या, योगदान और संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप सम्मानजनक एवं न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व प्राप्त हो।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना हुआ साकार, बंगाल में बनी हमारी सरकार: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. दिल्ली गेट स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज, स्वाति मालीवाल, दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह और रविंद्र इंद्राज समेत अनेक विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हर्ष मल्होत्रा ने पौधारोपण



भी किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है. मुख्यमंत्री ने कहा, आज का दिन उस महान व्यक्तित्व को याद करने का अवसर है, जिसने भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव रखी. भाजपा आज जिस विशाल वटवृक्ष के रूप में देशभर में खड़ी है, उसके बीज डॉ. मुखर्जी ने ही बोए थे. रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना, जिसके साथ आज भाजपा कार्य कर रही है, डॉ. मुखर्जी की सोच और सिद्धांतों से प्रेरित है. उन्होंने उनके उस विचार का भी उल्लेख किया, जिसमें पूरे देश में एक संविधान, एक निशान और एक प्रधान की व्यवस्था की बात कही गई थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जनहित और राष्ट्रहित में कार्य करती रहेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, मुखर्जी ने ही यह नारा दिया था कि देश में एक संविधान एक प्रावधान चलेगा. जिस दिन बंगाल में भाजपा की सरकार बनी, वह उन्हें दूसरी श्रद्धांजलि थी. भाजपा भी उनके दिए गए मार्ग पर जनहित में काम करेगी। वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समझे बिना भारतीय राजनीति और राष्ट्रवाद की अवधारणा को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता. उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी की मृत्यु आज भी कई सवाल खड़े करती है और उनकी मां द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को लिखा गया पत्र उस पीड़ा का प्रमाण है, जिसे देश ने महसूस किया था. कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनके वैचारिक साहस और राष्ट्रीय एकता के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिल्ली में डांस फीट एकेडमी का सपनों पर होंगे कदम स्टेज शो सफलतापूर्वक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली। दिल्ली।** डांस फीट एकेडमी द्वारा सपनों पर होंगे कदम नामक विशाल डांस स्टेज शो का भव्य आयोजन मुक्ताधारा ऑडिटोरियम, भाई वीर सिंह मार्ग, गोल मार्केट, कनॉट प्लेस में किया गया। कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चला।

शो की शुरूआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि ईशा सक्सेना, माही ठाकुर, सेलिब्रिटी अतिथि जुनैद हुसैन खान (एक्टर), सेलिब्रिटी अतिथि गरिमा (मॉडल और एक्टर), पूजा दुआ जी टीवी के रियलिटी शो 'दिल्ली डार्लिंग्स' से मशहूर VIP गेस्ट आनंद कुमार गोहरसंस्थापक अध्यक्षभारत सम्राट मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स जीत कुने-डो (ट्रस्ट)VIP गेस्टसोनू कश्यपआइकन ऑफ मार्शल आर्ट्स फिटनेस एकेडमी VIP गेस्ट पूर्णिमा चौहान फ्लेक्सी फिटनेस डांस एकेडमी की मालकिन खास मेहमान संजय आर्यन, नवनीत,सुमन सोलंकी फाइट जोन ताइक्वांडो,मॉडल मेकअप आर्टिस्ट रेखा गुप्ता, रीति शर्मा, डॉ सुनीता पांडे,मंजू किरण , रीना नायर, मीना सलवान, राजेश चौहान, सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे एकेडमी एकेडमी के आयोजक एवं कोरियोग्राफर रवि राजपूत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी नृत्य प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देना




था। बॉलीवुड हस्तियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों को डांस सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडवरटाइजिंग डायरेक्टर चेतन तथा को-एडिटर एवं नेशनल ब्रांड एंबेसडर अनिल अरोड़ा मुख्य रूप से शामिल हुए।वीआईपी गेस्ट श्रीमती राधा रानी गीतांजलि मॉडर्न स्कूल वीआईपी गेस्ट रजनी मैम गीतांजलि मॉडर्न स्कूल फोटो ग्राफी एवं वीडियोग्राफी सूरज थापा एवं प्रवीन कुमार द्वारा तथा मंच संचालन फेमस एंकर मॉडल शिल्पी बहादुर सेलिब्रिटी मैकअप अर्टिस्ट सुजाता सिंह एवं टीम का पूर्ण सहयोग सहित प्रांजल जैन बिटिया फाउंडेशन टीम, ज्योति कोचर टीम, सरदार कीरत सिंह संदीप सोखी टीम सदस्य माधुरी कर्माकर "रीमा" , गुलाबी बाग साईं बाबा मंदिर के चेयरमैंन भारत भूषण , हर्ष,रिंकू गुप्ता, डॉक्टर संजय भारद्वाज,सुमित भोजगी, सौरभ गुप्ता, ममता मेहरा मंडल अध्यक्ष बीजेपी पहाड़गंज मंडल, कमल शर्मा,पोपट लाल महानगर संयोजक : हिंदू युवा वाहिनी ,महानगर अध्यक्ष : सर्वदलीय हिंदू संगठन उपाध्यक्ष : बाबा विश्वनाथ शिव शक्ति मंदिर समिति मुरादाबाद उत्तरप्रदेश से आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई सभी का भी सहयोग रहा ! आयोजकों ने कहा कि ह्यडांस, परफॉर्मेंस, कॉन्फिडेंस, फन के मूलमंत्र पर आधारित इस शो का लक्ष्य बच्चों में आत्मविश्वास, मंच प्रदर्शन क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के अंत में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। एकेडमी ने भविष्य में भी ऐसे मंच उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू खां ने BDO से की मांग, ग्राम सिरोही में सफाई और पेयजल संकट, सरकारी टंकी का पानी चालू कराने की मांग

**बरेली।** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू खां ने खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद को पत्र लिखकर ग्राम सिरोही में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है। गुड्डू खां ने कहा कि ग्राम सिरोही में साफ-सफाई की भारी अव्यवस्था है। स्वास्थ्य केंद्र के आसपास कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। गांव में कई स्थानों पर सफाई की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछने के बाद भी बहुत से घरों में सुरक्षित पेयजल नहीं पहुंच रहा है। सरकारी टंकी का पानी भी बाधित है। उन्होंने इउ्ड से अपने स्तर से जांच कराकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और सरकारी टंकी का पानी चालू कराने की मांग की है। गुड्डू खां ने कहा कि कांग्रेस जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर है। गांव की मूलभूत सुविधाएं बहाल करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।




# कार और दो बाइकों की टक्कर में आधा दर्जन महिला पुरुष और बच्चे घायल :एक की हुई मौत, दो की हालत चिंताजनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । मंगलवार की सुबह हुए सड़क हादसे में आधा दर्जन महिला पुरुष







और बच्चे घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां से मुरादाबाद के लिए रैफर किया गया। सुबह करीब 10:00 बजे कांठ की ओर से एक कार मुरादाबाद की तरफ जा रही थी और छजलैट की ओर से दो बाइकें कांठ की तरफ आ रही थी जैसे ही दोनों और के वाहन रसूलपुर के पास मोड पर पहुंचे कार ने बाइकों को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहा छजलैट निवासी सरफराज पुत्र छुन्नू उसकी पत्नी नाहिदा 6 साल की बेटी अवरीश और 4 साल का बेटा ओनु घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सोहित पुत्र वीर सिंह निवासी बेरमपुर उसके दादा शिवराज सिंह और चचेरा भाई रवि को भी काफी चोट आई कार सवार मौका देखकर कार छोड़कर फरार हो गए' घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां सरफराज पुत्र मोहम्मद चुन्नू की मौत हो गई बताया गया कि सरफराज की ससुराल कांठ की है और वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कांठ के लिए आ रहा था घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया उधर सोहित एवं उसके दादा को भी काफी चोटे आई बताया गया कि नाहिदा और उसके बच्चों की भी हालत अभी खराब है इस घटना को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है और कहीं ना कहीं सड़क पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढ़ों को घटना के लिए दोषी माना जा रहा है। कार नगीना की बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267